हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 4 अक्टूबर 2024





नवरात्रि विशेष



## द्वितीयः ब्रह्मचारिणी

देवी भगवती का दूसरा स्वरूप ब्रह्मचारिणी मां का है। दूसरे नवरात्रि को ब्रह्मचारिणी मां की पूजा होती है। ब्रह्मांड को जन्म देने के कारण ही देवी का दूसरा स्वरूप ब्रह्मचारिणी कहलाया। देवी की यही आद्या शक्ति है। यहां ब्रह्म शब्द का रूप तपस्या है। ब्रह्मचारिणी अर्थात तप की चारिणी। कथा है कि सृष्टि उत्पत्ति के समय ब्रह्माजी ने मानष पुत्रों को जन्म दिया, पर वे कालातीत होते रहे। सृष्टि का विकास नहीं हो सका। अचंभित ब्रह्माजी ने सदाशिव से पूछा कि ऐसा क्यों। शिवजी ने कहा कि देवी शक्ति के बिना यह असंभव है। सब देवता देवी की शरण में गए। इस पर ब्रह्मचारिणी ने सृष्टि का विस्तार किया है। इसी के बाद नारी शक्ति को मां का स्थान मिला है। मां के इस रूप की आराधना का मंत्र है-
दधाना
करपद्माभ्यामक्षमालाकमंडलू।
देवि प्रसीदतु मयि
ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा।।

# देवी मंदिरों में जगमगाए ज्योत, जसगीत के साथ प्रतिमा स्थापित

**श्रद्धा भक्ति का माहौल, देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़**

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नवरात्र पर्व प्रारंभ होते ही श्रद्धा-भक्ति का माहौल निर्मित हो गया है। देवी मंदिरों में आस्था के जोत प्रज्जवलित किए गए। वहीं बाजे-गाजे के साथ देवी प्रतिमाओं को पूजा पंडालों में स्थापित किया गया। इस मौके पर माता के जयकारों की गूंज रही।

क्वांर नवरात्र पर्व आज 3 अक्टूबर से प्रारंभ हो गया। शक्ति की देवी मां दुर्गा की आराधना के पर्व को लेकर लोगों में श्रद्धा-भक्ति का माहौल है। अंचल के देवी मंदिरों में आज सुबह से देर शाम तक भक्तों की उपस्थिति रही। भक्त विधि-विधान से देवी मां की पूजा-अर्चना करने व्यस्त रहे। इस दौरान माता के जयकारों की गूंज रही।

### पूजा सामग्रियों की मांग

नवरात्र पर्व प्रारंभ होते ही शहर सहित ग्रामीण इलाकों के बाजार में चहल-पहल बननी शुरू हो चुकी है। आज बड़ी संख्या में लोगों ने पूजा संबंधी सामग्रियों की खरीदी की। साथ ही अन्य खरीदी भी प्रारंभ हो चुकी है। बाजार में अब लगातार चहल-पहल का वातावरण निर्मित रहेगा। शहर के जयस्तंभ चौक में बड़ी संख्या में पूजा सामग्रियों की दुकानें सजी हुई थी, जहां से लोगों ने पूजा सामग्रियों की खरीदी की।



### शहर में निकाली कलश यात्रा

बाजे-गाजे व जसगीत के माध्यम से देवी प्रतिमाओं को मूर्तिकारों के यहां से पूजा पंडालों में ले जाने का क्रम बुधवार से ही बना हुआ था। नवरात्र पर्व पर बड़ी संख्या में समितियों द्वारा देवी मूर्तियों को पंडालों में विराजमान कराया गया। इस दौरान मंगल कलश यात्रा भी निकाली गई। विधि-विधान से मूर्ति स्थापित कर पूजा-अर्चना की गई। विशेषकर ग्रामीण इलाकों में पूर्व से ही देवी प्रतिमाओं को पूजा पंडालों में ले जाया जा चुका है। नवरात्र पर्व की शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में धूम है।

### पंडालों में आकर्षक सजावट

ज्ञात हो कि बड़ी संख्या में पूजा समितियों द्वारा शहर के कई स्थानों पर पंडाल बनाकर देवी प्रतिमाएं स्थापित की गई है। पूजा पंडाल सहित आसपास के क्षेत्र को आकर्षक विद्युत सज्जा, पंडाल इत्यादी से साज-सजावट की गई है। पूरे पर्व के दौरान भक्ति का माहौल एवं चहल-पहल का वातावरण निर्मित रहेगा।

### जोत प्रज्ज्वलित कर मंगल कामना

मां बम्लेश्वरी देवी डोंगरगढ़ सहित शहर के मां शीतला मंदिर, पाताल भैरवी मंदिर, महामाया मंदिर, कालीमाई मंदिर, भानेश्वरी मंदिर, दुर्गा मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में भक्तों ने श्रद्धा भक्ति के साथ आस्था के जोत प्रज्जवलित किए एवं मंगल कामना की। मंदिरों में आज पहले ही दिन से बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति बननी शुरू हो गई है। सुबह से देर शाम तक देवी मंदिर एवं परिसर में भक्तों की उपस्थिति बनी रही।

## खबर संक्षेप

### गौठान के पास खेल रहे थे जुआ, 4 पकड़ाए

**राजनांदगांव।** गांव के गौठान के पास भाठा में एकत्र होकर कुछ लोग रुपए-पैसे का दांव लगाकर ताश पत्ती से जुआ खेल रहे 4 आरोपियों को पकड़ा। आरोपियों से ताश पत्ती एवं नगदी रकम बरामद कर कार्रवाई की गई है।

सूत्रों के अनुसार लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को 2 सितंबर की रात्रि में मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि कुछ व्यक्ति ग्राम रामपुर गौठान भाठा के पास ताश की 52 पत्ती से रुपए-पैसे का दांव लगाकर अवैध रूप से जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर रेड कार्रवाई की, जहां 4 आरोपी वासुदेव साहू 20 वर्ष निवासी बुढ्ढुभरदा, धनराज कुमार सिन्हा 28 वर्ष निवासी बीजेभांठा, जयकिशन लहरे 19 वर्ष निवासी कविराज टोलागांव एवं अतुल सिंह राजपूत 33 वर्ष निवासी बंगाली चाल बसंतपुर को 52 पत्ती ताश से रुपए-पैसे का दांव लगाकर जुआ-खेलते रंगे हाथ पकड़ा गया। आरोपियों के कब्जे से ताश की 52 पत्ती, 1650 रुपए नगदी जब्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के विरूद्ध धारा सदर का अपराध घटित करना पाए जाने से थाना लालबाग में धारा 3(2) छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

### तीन जिलों में चार लाख से अधिक राशनकार्ड धारक

# हड़ताल से दुकानों में लटका ताला, राशन वितरण अटका

**संघ छह सूत्रीय मांगों को लेकर कर रहा हड़ताल**

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अपनी छह सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेशभर में राशन दुकानदार एवं विक्रेता कल्याण संघ एक अक्टूबर से हड़ताल शुरू कर दी है। राशन दुकानदारों के हड़ताल में जाने का सीधा असर तीन जिलों के चार लाख परिवारों पर पड़ेगा। लगभग ढ़ाई लाख परिवार हर महीने इन दुकानों से राशन लेने पहुंचते हैं, लेकिन हड़ताल के चलते दुकानों पर ताला लटक गया है। जिसके चलते राशन वितरण भी प्रभावित हो गया है।

शासकीय राशन दुकान एवं विक्रेता कल्याण संघ की जिला अध्यक्ष सुशीला निषाद एवं संरक्षण राजकुमारी लिल्हारे ने बताया कि ई-पॉस मशीन की गुणवत्ता बहुत खराब है, इससे दिक्कत होती है। सुधार करने के लिए उचित व्यवस्था व इंस्ट्रूमेंट नहीं है। हर महीने सर्वर की समस्या से राशन वितरण प्रभावित होता है। विगत 5 माह से राशन आबंटन में अनियमितता भी बरती जा रही है। भंडारण और वितरण की व्यवस्था प्रभावित है। इससे दुकानदार और उपभोक्ता के बीच विवाद होता रहता है। दुकानदार आर्थिक संकट से भी जूझ रहे हैं, क्योंकि समय पर बारदाना की राशि, मार्जिन राशि, ई-पॉस मार्जिन राशि, वित्तीय पोषण राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा है। मार्जिन राशि में 20 साल में एक रुपए की वृद्धि नहीं की गई है। इसके लिए कई बार मांग के बाद भी विचार नहीं किया गया है।



**वापस करेंगे ई-पॉश मशीनें :** राज्य स्तर पर मंगलवार को हड़ताल के बाद प्रदेश के सभी जिला तहसील और ब्लॉक मुख्यालय में 2 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरु हो चुकीं है। इसके साथ ही राशन से संबंधित इलेक्ट्रॉनिक मशीन ई पाश मशीन को पांच अक्टूबर को सभी राशन दुकानों के सेल्समैन एसडीएम ऑफिस में जमा करा देंगे।

### तीन जिलों में 939 दुकानें

ज्ञात हो कि प्रदेशभर में सरकारी राशन दुकानों के जरिये लाखों परिवार अपने लिए राशन लेता है। राजनांदगांव सहित मोहला-मानपुर एवं खैरागढ़ जिले को मिलाकर ऐसी कुल 939 दुकानें संचालित है। राजनांदगांव जिले में 495, मोहला-मानपुर जिले में 194 एवं खैरागढ़ जिले में 240 दुकानें, हड़ताल की वजह से इन दुकानों में ताला लटक सकता है।

### चार लाख परिवार पर असर

राजनांदगांव जिले की 495 राशन दुकानों में कुल 243620 राशनकार्ड धारक परिवार हैं। जिनमें कुल 942504 सदस्य हैं। खैरागढ़ जिले में 240 दुकानों में 111436 राशनकार्ड धारक परिवार हैं। जिनमें 415403 सदस्य हैं। वहीं मोहला-मानपुर जिले की 194 दुकानों में 73501 परिवार एवं 291309 सदस्य हैं। ऐसे में हड़ताल की वजह से करीबन चार लाख परिवार एवं 16 लाख से अधिक लोगों पर असर पड़ेगा।

### गुपचुप तरीके से टेंडर बांटने का लगाया आरोप

# निविदा प्रपत्र नहीं मिलने से ठेकेदार नाराज, सचिव पर सांठगांठ का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के कृषि उपज मंडी में बीते 22 अगस्त को मैन्युअल निविदा आमंत्रण सूचना निकाली गई। जिसमें कार्य की लागत अनुसार कार्य कराए जाने की छत्तीसगढ़ शासन की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत डी एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से मोहर बंद निविदायें पंजीकृत डाक से तीन लिफाफे पद्धति से 5 अक्टूबर तक मांगी गई है, लेकिन निविदा प्रपत्र जारी करने के अंतिम तिथि तक ठेकेदारों को निविदा प्रपत्र उपलब्ध नहीं कराया गया।

जिसको लेकर ठेकेदारों ने नाराजगी व्यक्त की है। निविदा प्रपत्र लेने कृषि उपज मंडी के चक्कर काट रहे ठेकेदार शिवम लोढ़ा, ऋषभ, अंकित सिंह राठौड़, शिवप्रसाद लहरे ने कहा कि लगभग एक सप्ताह से वह निविदा फार्म के लिए मंडी आ रहे हैं। अब तक 12 आवेदन ठेकेदार ने किया है और शेष ठेकेदारों को निविदा प्रपत्र नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाते कहा कि दो-तीन लोगों को गुपचुप तरीके से टेंडर देने के लिए इस तरह का कार्य किया जा रहा है।



### 7 अक्टूबर को खुलेगी निविदा

प्राप्त निविदायें ठेकेदारों की उपस्थिति में 7 अक्टूबर को दोपहर खोली जानी है, लेकिन निविदा प्रपत्र नहीं मिलने की वजह से इन कार्यों के लिए इच्छुक ठेकेदारों ने अब तक निविदा फार्म जमा नहीं किया है। ऐसे में 2 दिनों के भीतर स्पीड पोस्ट के माध्यम से फार्म जमा होना संभव नहीं है। जिसके चलते अधिकांश ठेकेदार इस प्रक्रिया में शामिल नहीं हो पाएंगे।

### 9 कार्य की निविदा

कृषि उपज मंडी परिसर के अनाज और फल सब्जी मंडी में साइकिल स्टैंड, गोदाम निर्माण, कव्हर्ड शेड, कैंटीन, ऑफिस बिल्डिंग, टॉयलेट, विश्राम गृह, लैंडस्कैपिंग कार्य और 50 हजार लीटर की पानी टंकी को लेकर निविदा आमंत्रित की गई है।

### अंतिम तिथि तक नहीं मिला निविदा प्रपत्र

निविदा प्रपत्र प्राप्त करने के लिए वैध पंजीयन, जीएसटी, पेनकार्ड, बैंक साल्वेंसी सहित अन्य दस्तावेज मांगे गए और निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 30 सितंबर निर्धारित की गई, लेकिन डीडी जमा करने के बाद भी ठेकेदारों को निविदा प्रपत्र नहीं दिया गया। ठेकेदारों ने आरोप लगाते कहा कि मंडी सचिव द्वारा 1 अक्टूबर को प्रपत्र देने की बात कही गई, जब वे एक अक्टूबर को गए तो उन्हें सचिव ने 3 अक्टूबर को प्रपत्र देने की बात कही थी, लेकिन आज दोपहर जब सभी ठेकेदार पहुंचे तो वहां कोई भी नहीं था। ऐसे में ठेकेदारों ने नाराजगी व्यक्त की और निविदा में सांठगांठ को लेकर आरोप भी लगाया।

# महाराजा अग्रसेन जयंती पर निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अग्र कुल प्रवर्तक भगवान श्री अग्रसेन की जयंती अग्रवाल समाज द्वारा भक्तिभाव वातावरण में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। अग्रवाल समाज द्वारा भगवान श्री अग्रसेन की 5148वीं जयंती अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

शहर के अग्रसेन भवन में भगवान अग्रसेन जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया। वहीं इस दौरान शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए।



आयोजन के अवसर पर अग्रवाल सभा के अध्यक्ष शरद अग्रवाल, सचिव आलोक बिंदल, महिला मंडल की अध्यक्ष मंजू खोखरिया, रीना अग्रवाल, नवयुवक मंडल के अध्यक्ष हर्ष लोहिया, चैतन्य अग्रवाल, संजय अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

**विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन :** महाराजा अग्रसेन जयंती पर अग्रसेन महिला मंडल द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें फूलों की माला बनाओ, आरती की थाली सजाओ जैसी प्रतियोगिता आयोजित हुई।

### समाज के लोगों का हुआ सम्मान

अग्रसेन जयंती अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान किया गया। वहीं मेधावी विद्यार्थियों को रजत पदक से सम्मानित करते उनकी हौसला अफजाई की गई। अग्रवाल समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान शहर में महाराजा अग्रसेन की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान महाप्रसादी का वितरण भी किया गया। शोभायात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से होती हुई गुजरी, जहां जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत किया गया।

# बारिश थमते ही अधिकतम तापमान पहुंचा 36 पार फसल के लिए लाभकारी, लोग उमस से हलाकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मानसून सीजन के समाप्त होते ही प्रदेश के ज्यादातर शहरों का अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस को पार कर चुका गया है। राजनांदगांव जिले में भी दिन का पारा चढ़कर 35 पर पहुंच गया है। वहीं रात के तापमान में भी दो डिग्री का उछाल आया है। मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले दिनों में हल्की बारिश देखने को मिल सकती है, लेकिन मौसम शुष्क ही बना रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में मानसूनी तंत्र कमजोर हो गया है। जिसकी वजह से बारिश की गतिविधि में कमी आ गई है। हालांकि इस बीच मानसून की वापसी पर एक-दो जगह पर हल्की-मध्यम बारिश हो सकती है। दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी की रेखा फिरोजपुर, सिरसा, चूरू, अजमेर, माउंट आबू, दिशा, सुरेंद्रनगर, जूनागढ़ 21 डिग्री उत्तर और 70 डिग्री पूर्व से होकर गुजर रही है। इसके प्रभाव से छत्तीसगढ़ में मानसूनी तंत्र कमजोर पड़ गया है। यही वजह है कि बारिश की गतिविधि में कमी आ गई है। मौसम में तापमान के आंकड़े देखे तो दिन और रात दोनों ही तापमान सामान्य से अधिकता पर आ गए हैं। अधिकतम तापमान सामान्य से दो डिग्री और न्यूनतम तापमान सामान्य से 3 डिग्री सेल्सियस अधिक हो गया है।

### फसल के लिए धूप बेहतर

किसानों के अनुसार इन दिनों में बढ़ा तापमान धान की फसलों के लिए लाभकारी माना जा रहा है, क्योंकि साफ मौसम में धूप से धान की फसल की ग्रोथ को काफी मदद मिलेगी और इससे पकाव भी अच्छे से होगा। इसी तरह सब्जियों की फसलों को साफ मौसम से लाभ पहुंचेगा।किसानों के अनुसार अब बारिश की जरूरत खेतों में नहीं है।

### ऐसा बना मौसम का सिस्टम

मौसम विभाग अनुसार एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण-पूर्व बांग्लादेश और उसके आसपास स्थित है। इस ऊपरी हवा के चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से एक निम्न दाब का क्षेत्र उत्तर बंगाल की खाड़ी और उसके आसपास 4 अक्टूबर को बनने की संभावना है। एक-दो स्थानों पर बहुत हल्की वर्षा होने अथवा छींटे पड़ने की संभावना है।

0 **राजनांदगांव।** नवरात्र पर्व के दौरान फल बाजार में रौनक बनी हुई है। फल व्यवसायियों के अनुसार पहले ही दिन से लोगों के बीच फलों की मांग बेहतर हुई है। आगामी दिनों में भी बेहतर व्यवसाय होने की उम्मीद है।

## माय एंगल




# सूने मकान की रेकी कर चोरी, तीन पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सूने मकान का रेकी कर चोरी की घटना को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी मप्र के जबलपुर से यहां आकर किराये के मकान में रह रहे थे। आरोपियों से सोने-चांदी का सामान सहित नगदी रकम बरामद किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रार्थी निवासी रेवाडीह ने रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 24 सितंबर को सुबह अपने घर पर ताला बंद कर सपरिवार ग्राम मनेरी गया था। 28 सितंबर की शाम वापस घर आकर देखा तो घर का ताला टूटा हुआ था। आलमारी में रखे नगदी एवं सोने-चांदी के आभूषण को अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया। रिपोर्ट पर थाना लालबाग में धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



### सीसीटीवी कैमरा फुटेज से मिला सुराग

पुलिस के अनुसार इस मामले में सायबर एवं थाना की संयुक्त टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल के आसपास के लगभग 50 से 60 सीसीटीवी कैमरा का फुटेज देखा गया। जिसके आधार पर आरोपियों की पहचान किया गया। आरोपी दूसरे राज्य मध्यप्रदेश के जबलपुर से आकर इस्कान सिटी रेवाडीह के अटल आवास में किराये के मकान लेकर रहना पहचान किया गया, जो चोरी की घटना को अंजाम देकर तत्काल फरार हो गए।

### नगदी व सोने-चांदी का आभूषण बरामद

पुलिस के अनुसार पुलिस टीम आरोपियों की पतासाजी हेतु तत्काल जबलपुर रवाना हुई, जहां आरोपियों की पतासाजी के लिए मुखबीर लगाया गया। लगातार 2 दिन पतासाजी किया गया। आरोपियों को पुलिस के आने की भनक लगने पर वहां से वापस राजनांदगांव आकर छुप गए, जिसे मुखबीर की सूचना पर इस्कान सिटी रेवाडीह के जी ब्लाक रूम नं. 3 से पूछताछ किया। आरोपी आकाश चौधरी 24 वर्ष, सौरभ चौधरी 23 वर्ष व हिमांशु चौधरी उर्फ अमन 19 वर्ष तीनों निवासी रांझी पुरानी बस्ती झंडा चौक जिला जबलपुर मप्र को कड़ाई से पूछताछ करने पर इस्कान सिटी रोड रेवाडीह में एक घर में नगद और सोने-चांदी के जेवर चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों ने मेमारेंडम कथन में चोरी किए मशरूका को बंटवारा कर अपने-अपने पास रखना बताए। आरोपीगणों के मेमोरेंडम कथन अनुसार चोरी किए मशरूका 3 नग अंगूठी, 2 नग मंगलसूत्र का लॉकेट एवं 7 नग दाना, 1 जोड़ी कान का टॉप्स, 2 जोड़ी चांदी की पायल, 1 नग चांदी का करघन, 1 नग चांदी का हाफ करधन, 4 नग चांदी का चैन, 1 जोड़ा बचकानी चांदी का चूड़ा, 1 जोड़ा चांदी का पटा, 1 नग चांदी का सिंदूर रखने का डिब्बा, 2 नग भगवान वाला चांदी का सिक्का एवं अन्य सामान सहित नगदी नकम 45000 रुपए को जब्त किया गया। पुलिस ने आरोपी आकाश चौधरी 24 वर्ष, सौरभ चौधरी 23 वर्ष व हिमांशु चौधरी उर्फ अमन चौधरी 19 वर्ष के विरूद्ध पर्याप्त सबूत पाए जाने गिरफ्तार किया जाकर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
न्यूरोलॉजी विभाग
डॉ. घनश्याम बिसेन सासापारधी
MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY (PGI Chandigarh)
- सिर दर्द (माईग्रेन)
- मिर्गी
- लकवा
- ब्रेन ट्यूमर
- ब्रेन हेमरेज
- साइटिका (कमर दर्द)
हृदय रोग विभाग
Dr. Zahid Khan
MBBS, MD,
DM Cardiologist
- एंजियोग्राफी
- एंजियोप्लास्टी
- पेसमेकर
24x7 DM कार्डियोलॉजिस्ट उपलब्ध
24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप



### रामभक्त युवा समिति सम्मानित

**मुरमुंदा।** ग्राम मुरमुंदा में संचालित श्री रामभक्त युवा समिति विभिन्न सामाजिक और रचनात्मक कार्य के लिए कई जगह सम्मानित हो चुकी है। यह समिति धार्मिक, सामाजिक कार्यक्रम में अग्रणी रहने के साथ जरूरतमंद लोगों तक ब्लड मुहैया कराती है। गत दिनों अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल कॉलेज पेंड्री में सम्मान समारोह का आयोजन कर संगठन व रक्तदाताओं का सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में श्री रामभक्त युवा समिति मुरमुंदा का भी सम्मान हुआ।

### नवजात बेटियों की पूजा आरती



**डोंगरगांव।** क्वांर नवरात्र के पहले दिन छुरिया ब्लाक के अधीन आने वाले ग्राम चिरचारीकला के सेवाभावी मनोज सोनी ने नवजात 3 बेटियों की आरती पूजा कर स्वागत किया। उन्होंने बेटियों को प्रोत्साहित करने में शिशुवती को मां को प्रोत्साहन स्वरूप 11 सौ रूपए प्रदान किया। गौरतलब है कि श्री सोनी बीते कई सालों में बेटियों को बढ़ावा देने यह आयोजन कर रहे हैं।

## नवरात्रि के पहले पूजा आरती, मंदिर में उमड़े भक्त

# ज्योति कलशों से जगमगाया मां बम्लेश्वरी देवी का दरबार

### आचार्यों के मार्गदर्शन में ज्योति कलशों की स्थापना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

या देवी सर्वभुतेशू शक्ति रूपेण संषिता, नमः तस्ये नमो नमः की गूंज के साथ 9 दिन तक चलने वाले क्वांर नवरात्र पर्व की बुधवार को शुरूवात हुई। मां बम्लेश्वरी के दरबार में अखंड सप्तसती पाठ के साथ आचार्य पं. रघुनाथ महाराज एवं राजकुमार महाराज ने विधिवत शक्तिपीठ की पूजा एवं अष्टमी को होने वाले हवन के पाठ स्थल की स्थापना किया। सुबह 5 बजे से माता का अभिषेक पूजन व आरती के साथ कालरात्रि, छिन्दमस्ता माता एवं ग्राम देवी देवताओं की पूजा अर्चना के साथ काल भैरव के आव्हान के साथ ही आदिशक्ति की आराधना की गई। इस आयोजन में हजारों दर्शनार्थियों ने उपस्थिति दर्ज कराया।




#### आकर्षक झूले और स्टाल तैयार

दर्शनार्थियों की सुविधा और मनोरंजन के लिए नीचे मंदिर प्रांगण में मीना बाजार लगा है। यहां आकर्षक झूले एवं खाने पीने के स्टाल तैयार हो गये। हाईटेक आधुनिक लाइटिंग के साथ सजा मा का दरबार और मेला परिसर में लोगों की चहल-पहल शुरू हो गई है।

#### अन्य मंदिर भी भक्तों से गुलजार

नवरात्र के पहले रात्रि 7 बजे उपर मंदिर एवं नीचे मंदिर हजारों मनोकामना ज्योति कलशों को प्रज्जवलित किया गया। पुरानी परंपरा के अनुसार दोपहर 3 बजे से ज्योति कक्षो में मंत्रोच्चार के साथ घट पूजा कर ज्योति कलशों में तेल और बाती लगाना शुरू किया गया। माता की आरती और काल भैरव के आव्हान के साथ मां बम्लेश्वरी समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने मां बम्लेश्वरी की प्रथम ज्योत को बैगाओं की उपस्थिति में प्रज्जवलित किया। ट्रस्ट समिति के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने नीचे मंदिर के 109, शीतला मंदिर में 61 ज्योति को प्रज्जवलित किया। उपर मंदिर में 8500 ज्योति कलशों की स्थापना ट्रस्टी बबलू शांडिल्य एवं अन्य ट्रस्टियों की उपस्थिति में की गई। इसी कड़ी में प्राचीन दंतेश्वरी मंदिर, कारीपाठ मंदिर, रेंगाकठेरा गढ़ मंदिर, काली मंदिर, वृंदवासिनी मंदिर में भी बैगाओं ने पूजाअर्चना कर पर्व की शुरूवात की।

# शिक्षकों ने राजधानी रायपुर में दिया धरना

## सत्याग्रह कर सौंपा मांग पत्र



■ प्रदर्शन कर सीएम के नाम सौंपा मांग पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मोहला

संविलियन के बाद शिक्षकों के बडे. आंदोलन का आगाज करते हुए गांधी जयंती को राजधानी रायपुर में प्रदर्शन किया।

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के प्रदेश संयोजक संजय शर्मा, वीरेंद्र दुबे, मनीष मिश्रा, विकास राजपूत, श्रीहरी, बाबूलाल लाडे, राममणि द्विवेदी, सुधनसिंह कोरेटी, दिवाकर बोरकर, जीवन नेताम, सत्यवान वाकडे, विरेंद्रर पाल लाडेश्व, दिलीप धनकर, देवशंकर तारम, पुष्पक साहू, उषा पेंदरे, निरंजना कलामे, वर्षा दरवड़े, अल्का हिरवानी, जानकी हेडामे, अजय ठाकुर, नंदकिशोर साहू, नूतन बाबू कौमार्य, सनत देवहरे, थान सिंह कावरे, किशोर आलेन्द्र, मन्ने सिंह मंडावी के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन कर सत्याग्रह पदयात्रा निकाला गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री के नाम मांगपत्र सौंपा गया।

#### शिक्षकों ने किया नारेबाजी

गांधी के भेष में शिक्षक एलबी को सामने बैठाकर सरकार को यह संदेश देने का प्रयास किया गया कि वह अपनी मांगो को लेकर संघर्ष करने तैयार है। टोपी में पुरानी पेंशन, पूर्ण पेंशन, वेतन विसंगति, क्रमोन्नति, पदोन्नति, लंबित डीए का भुगतान और मोदी की गारंटी लागू करने की मांग की गई।

#### दो माह चलेगा आंदोलन

शिक्षक मोर्चा ने आगामी 2 माह का चरणबद्ध आंदोलन पूर्व सेवा गणना मिशन अभियान तय किया है। अभियान के तहत आगामी 14 अक्टूबर को जिला मुख्यालय में ज्ञापन दिया जाएगा। आगामी एक नवंबर प्रदेश भर के शिक्षक पूर्व सेवा गणना दीप जलाकर अधिकार मांगेंगे। इसी कड़ी में 11 नवंबर को विकास खंड में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया जाएगा। 12 से 24 नवंबर के बीच मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद, विधायक को मांग पत्र सौंपा जाएगा। आगामी 25 नवम्बर को इंद्रावती से महानदी भवन तक पैदल मार्च कर मांग पत्र सौंपेंगे।

## हास्पिटल में भाजपाइयों ने किया पौधारोपण

**जेवरतला रोड।** गांधी जयंती के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पिनकापार में पौधरोपण किया। मरीजों को फल वितरण किया गया। स्वच्छता पखवाड़ा के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं पंचायत में सफाई किया गया। इस मौके पर दिलेश्वर भुआर्य, शुभम देशमुख, जागृत देवांगन, रमेश जगनायक, लोकेश देवांगन, सरपंच सोमिन भुआर्य, बलदाऊ देवांगन, सीमा राजपूत, लोमिन गांवरे, नेमिन भुआर्य, बिंदाबाई, स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ उदय तिवारी, कमला शेंडें, ममता मारकंडे, किरन मोइये, गीता जोशी, पूर्णिमा बारले मौजूद थे।



## कुराश में श्रद्धा को मिला कांस्य पदक

**जेवरतला रोड।** बलौदाबाजार में आयोजित राज्य स्तरीय कुराश प्रतियोगिता में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा की श्रद्धा पुत्री नरसिंह ने भाग लिया। उन्होंने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान हासिल किया। सेमी फाइनल में बिलासपुर से हार का सामना करना पड़ा तथा हार्ड लाइन मैच में बस्तर को पराजित कर कांस्य पदक हासिल किया। इस उपलब्धि पर प्राचार्य आरके देवांगन ने सम्मानित किया। श्रद्धा ने सफलता का श्रेय पीटीआई रीना बोरकर देवांगन को दिया। व्याख्याता अजय पाठक, पवन सिन्हा आदि ने उन्हे बधाई दी है।



## गांधी जयंती को किया गया समापन

# स्वच्छता पखवाड़े में हुए विविध आयोजन






हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईखदान

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत आईटीबीपी के कमांडेंट अनंत नारायण दत्ता के निर्देशन में कटेमा कैम्प के जवानों ने लछना पंचायत अंतर्गत आने वाले कटेमा, महुआधार, बोरला में सफाई अभियान के साथ वृक्षारोपण एवं पर्यावरण जागरूकता अभियान चलाया।

जवानों ने नदी-नालों में फैले कचरे को इकट्ठा कर उचित निपटान किया। ग्रामीणों को सफाई रखने हेतु प्रेरित किया। कटेमा कैम्प के कमांडर श्याम लाल एवं जवानों ने ग्रामीणों के साथ स्वच्छता का संकल्प लिया। श्याम भट्ट ने बताया सफाई एवं वृक्षारोपण अभियान में ग्रामीण, युवाओं एवं बच्चों की भागीदारी रही। बच्चों ने पेंटिंग तथा निबंध प्रतियोगिता में बढ़चढ़ कर भाग लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

इस पखवाड़े के दौरान 530 पौधे लगाए गए। इस दौरान कमलेश वर्मा, प्रतिमा वर्मा, शिव प्रसाद, राजकुमारी, दिनेश मरकाम, प्रतिमाबाई, मायाराम, बल के निरीक्षक अशोक कुमार, उप निरीक्षक राजसिंह, महेन्द्र, आनंद, राजेन्द्र, वीवी दलाई, मुख्तियार सिंह, सुरेश, हेड कांस्टेबल धर्मेंद्र, संजय, गिरीश, पंकज, राकेश सहित अन्य उपस्थित थे।

बापू की जयंती पर स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आईटीबीपी कैम्प मलैदा के पदाधिकारियों ने सेनानी अनंत नारायण दत्त के मार्गदर्शन तथा मलैदा कैम्प के सहायक सेनानी दिदार शेख के अगुवाई में प्राथमिक विद्यालय एवं आसपास स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान निरीक्षक प्रवीण कुमार, गोविंद सिंह, संजीव दत्ता, कालाबेर खालखो, रूपचंद, हिटलर भटट, रामेश्वर राम आदि उपस्थित थे।

### स्वच्छता के लिए पंचायत सम्मानित

**सड़क अतरिया।** गांधी जयंती के मौके पर जिला मुख्यालय खैरागढ़ में कार्यक्रम आयोजित किया गया है जिसमें स्वच्छता के लिए पंचायत को सम्मानित किया गया। सफाई की दृष्टि से पंचायत को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है। उपस्थित अतिथियों ने शील्ड़ एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## कलेक्टर ने थामा झाड़ू, की सफाई



**मोहला।** गांधी- शास्त्री के जयंती के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में श्रद्धसुमन पुष्प अर्पित किया गया। कलेक्टर एस जयवर्धन ने दोनों महान विभूतियों के कृतित्व को स्मरण किया। कलेक्टर की अगुवाई में स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत अधिकारी-कर्मचारियों ने कलेक्टर परिसर एवं आसपास की सफाई किया।

कलेक्टर ने झाड़ू थाम कर कलेक्टर परिसर की सफाईं कर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। कलेक्टर ने अपने हाथों से कचरा उठाया और परिसर की सफाई में योगदान दिया।

#### स्वच्छता ग्राहियों का सम्मान

कलेक्टर एस जयवर्धन ने स्वच्छता की सेवा कार्यक्रम अंतर्गत स्वच्छता ग्राहियों को सम्मानित किया। कलेक्टर ने संबंधित ग्राम पंचायत के स्वच्छताग्राहियों एवं सरपंच सचिव को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया। कलेक्टर ने जय मां लक्ष्मी स्व सहायता समूह ककईपार, सहेली स्व सहायता समूह कोहका एवं मनी कंचन स्व सहायता समूह की महिलाओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर सरपंच, सचिव ने अपना अनुभव साझा किया। इस दौरान अपर कलेक्टर विजेंद्र सिंह पाटले, परियोजना निदेशक हेमंत ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर प्रेमलता चंदेल, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग श्रीकांत दुबे सहित अन्य उपस्थित थे।

#### स्वच्छता एवं सम्पूर्णता अभियान का समापन

**मोहला।** गांधी जयंती एवं स्वच्छता अभियान के 10 साल पूर्ण होने पर बुधवार को अंबागढ़ चौकी के दंतेश्वरी मंदिर के पास टाऊन हॉल में स्वच्छता ही सेवा स्वभाव स्वच्छता.संस्कार स्वच्छता एवं सम्पूर्णता अभियान का समापन किया गया। कार्यक्रम के तहत 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। ब्लैक स्पॉट सुरक्षा शिविर, स्वास्थ्य शिविर, डिजनेटी कार्ड, कबाड़ से जुगाड़ वेस्ट टू आर्ट प्रदर्शनी आदि के बारे में मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रियंवदा रामटेके, सीएमओ गिरीश कुमार चन्द्रा ने जानकारी दी। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक संजीव शाह ने स्वच्छता को स्वभाव संस्कार में लाने के बारे में बताया। इस मौके पर स्वच्छताग्राही दीदियों, सरपंच, सचिव को मोमेन्टो एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एसडीएम हेमेन्द्र भुआर्य, तहसीलदार अनुरिमा एसकुमार टोप्पो, दीलिप वर्मा, गुलाब गोस्वामी, शत्रुहन चुरेन्द्र, कांशी निषाद, जनपद अध्यक्ष कुमारीबाई जुरेशिया, नरोत्तम देहारी, नगर पंचायत अध्यक्ष विद्या रमेश ताम्रकर, उपाध्यक्ष रितेश मेश्राम, सरपंच संघ अध्यक्ष योगेन्द्र कोड़ापे आदि उपस्थित थे। स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत जनपद पंचायत मानपुर सभाकक्ष में स्वच्छ भारत दिवस का आयोजन किया गया। महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर मुख्य अतिथि जिला भाजपा अध्यक्ष मदन साहू ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर जनपद अध्यक्ष दिनेश शाह मंडावी, जनपद सीईओ आदि मौजूद थे।



## राशन दुकानदार के कर्मचारी हड़ताल पर, परेशान उपभोक्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगांव

ब्लाक में महिला समूह के माध्यम से संचालित राशन दुकान के संचालक छह सूत्रीय मांगों को लेकर एक अक्टूबर से हड़ताल पर चले गए है। दुकान संचालकों ने बुधवार को एसडीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा।

हड़ताल के चलते ब्लाक के करीब 30 हजार से अधिक कार्डधारियों को राशन के लिए भटकना पड़ेगा। शासकीय राशन दुकान एवं विक्रेता कल्याण संघ की जिला अध्यक्ष सुशीला निषाद ने बताया कि ई-पॉस मशीन की गुणवत्ता खराब है, जिससे उन्हे काफी दिक्कत होती है। सुधार करने के लिए उचित व्यवस्था नहीं है। हर महीने सर्वर की समस्या से राशन वितरण प्रभावित होता है। विगत 5 माह से राशन आबंटन अनियमित है। भंडारण और वितरण की व्यवस्था के कारण दुकानदार और उपभोक्ता के बीच विवाद होते रहता है। दुकानदार आर्थिक संकट से भी जूझ रहे हैं, क्योंकि समय पर बारदाना की राशि, मार्जिन राशि, ई-पॉस मार्जिन राशि, वित्तीय पोषण राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा है। मार्जिन राशि में 20 साल में वृद्धि नहीं हुई है।

#### एक लाख उपभोक्ता प्रभावित

जानकारी के अनुसार ब्लाक में महिला समूह के माध्यम से करीब 75 दुकानें संचालित है जिसमें 30 हजार से अधिक कार्डधारी उपभोक्ता है। यह उपभोक्ता राशन दुकानों के माध्यम से शासन की योजना अनुसार राशन लेते हैं। दुकानदारों के हड़ताल पर चले जाने से उपभोक्ताओं को राशन के लिए परेशान होना पड़ेगा।ज्ञापन सौंपने के दौरान सुशीला निषाद, ब्लाक अध्यक्ष देवलीबाई, सुनीता साहू, चन्द्रशेखर वैष्णव, भूपेन्द्र यादव, रीमा साहू, सुमरीत धनकर आदि मौजूद थे।

हरिभूमि पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

KS GROUP
PUNJAB | INDIA



KS 9300 SELF PROPELLED
COMBINE HARVESTER
BOOK NOW
Loan Facility Available
Available on Reasonable Interest Rate
AUTHORISED DISTRIBUTOR
KAMLA MOTORS
G.E. ROAD, GANJPARA, DURG (C.G.)
90398-79080, 94255-50265

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### दुकान के बाहर सामान रखने पर आपत्ति



**गंडई पंडरिया।** नगर पंचायत गंडई ने व्यापार को बढ़ावा देने व्यवसायिक परिसर का निर्माण किया है। दुकानों को खरीद कर व्यापारी जीवकोपार्जन कर रहे है परंतु तकलीफ तब हो जाती है जब अन्य दुकानदार दुकान के बाहर तक समान फैलाकर अन्य की दुकान को ढक देते है। हाल ही में एक दुकानदार ने इस आशय की शिकायत कर समान हटवाने की मांग किया है। जानकारी अनुसार बस स्टैंड के पर सरस्वती इलेक्ट्रॉनिक्स के नाम से दुकान है । दुकान संचालक दुकान के बाहर तक साउंड बॉक्स एवं अन्य समान फैलाकर रख देता है जिसके कारण महामाया मोबाइल, पंकज मोबाइल, गोसाई मोबाइल एवं सिन्हा कम्प्यूटर्स ढक जाता है और व्यापार प्रभावित होता है। चारों दुकानदारों ने दुकान बाहर तक समान रखने को लेकर नगर पंचायत में आवेदन देकर हटवाने की मांग किया है।

### गांधी जयंती पर बुजुर्गों का सम्मान



**जालबांधा।** बस स्टैंड में गांधी जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान सरपंच दिनदयाल सिन्हा, सचिव दुलार कोसरे, उपसरपंच कुजंलाल वर्मा, लिखन सिन्हा, रिखबचंद जैन, आरके देशमुख, गोपाल सिंह राजपूत, विनोद चोपड़ा, कार्तिक वर्मा, नथेल वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर उपस्थित बुजुर्गों का सम्मान ग्राम पंचायत सरपंच द्वारा किया गया।

### विद्या मंदिर में मनाया गांधी-शास्त्री जयंती

**डोंगरगांव।** नीरज विद्या मंदिर मोहड़ में बुधवार को गाँधी एवं शास्त्री जी की जयंती मनाई गई। नियमित प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी और लालबहादुर शास्त्री के योगदानों का पुण्य स्मरण किया। संस्था की एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर पुष्पा बाजपेयी ने कहा कि गाँधी जी के विचार विसंगतियों के खिलाफ लड़ने में हमारी सहायता करते हैं। प्राचार्य अंजुम जहान ने कहा कि गाँधी जी और शास्त्री जी सही मायनों में जननेता थे। सभा को व्याख्याता डॉ. लोकेश शर्मा ने भी संबोधित किया। बच्चों ने रघुपति राघव राजाराम भजन की प्रस्तुति दी। यह जानकारी व्याख्याता सुरभि लारेंस ने दी।

### सामुदायिक वन अधिकार पर कार्यशाला



**बांधाबाजार।** गांधी जयंती के अवसर पर समग्र सृष्टि समाजसेवी संस्था दक्कोटोला ने सामुदायिक वन संसाधन अधिकार प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन माधोपुर में किया। कार्यशाला में अनुसूचित जन जाति और अन्य परंपरागत वन निवासी अधिनियम के तहत वन संरक्षण संवर्धन प्रबंधन का अधिकार ग्रामसभा को दिया गया है। आदिवासी बाहुल्य ग्राम माधोपुर को 2023 में शासन ने मान्यता प्रदान किया है। संस्था के समन्वयक जयदेव मोहुर्ले ने ग्रामीणों के उपस्थिति में सामुदायिक वन प्रबंधन कार्य को करने के पूर्व ग्राम सभा के साथ विचार विमर्श किया। ग्रामसभा की कार्य प्रणाली का अवलोकन करने का निर्णय लिया गया। संस्था समन्वयक ने सामुदायिक वन संसाधन अधिकार प्रबंधन की जानकारी दिया। कार्यशाला का संचालन अर्जुन कमेटी ने किया। गजाराम धुर्वे, सरिता कोरेटी ने विभिन्न प्रक्रिया के बारे में बताया। अंत में रेवती कुमेटी ने आभार प्रदर्शन किया।

### कॉलेज को मिला रक्तदाता संस्था का सम्मान



**खैरागढ़।** भारतरत्न अटल बिहारी बाजपेयी मेडिकल कालेज राजनांदगांव द्वारा राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस पर रानी रश्मिदेवी सिंह शासकीय महाविद्यालय को रक्तदाता संस्था सम्मान के रूप में प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिंह दिया गया। रेडक्रास प्रभारी जेके वैष्णव ने बताया कि बीते कई सालों से कालेज के स्टुडेंट्स समय-समय पर मेडिकल कॉलेज ब्लड सेंटर मे रक्तदान करते आ रहे है। ब्लड सेंटर द्वारा मरीजों की जरूरत अनुसार मांग पर टिकेन्द वर्मा और उनके युवा साथी रक्तदान करते आ रहे है। रक्तदाता सम्मान मिलने पर कालेज स्टुडेंट्स रक्तदाता टिकेन्द वर्मा, लीना वर्मा, पूजा वर्मा, गौरी यदु, दुर्गा साहू सहित अन्य को प्रभारी प्राचार्य डॉ जेके साखरे, रेडक्रास प्रभारी जेके वैष्णव, रासेयो प्रभारी प्रो यशपाल जंघेल, प्रो सतीश कुमार ने बधाई दी है। वही छात्र-छात्राओं ने आगामी रक्तदान शिविर आयोजन में रक्तदान महादान का संकल्प दुहराया है।

### नागसेन बुद्ध विहार में धम्मदेशना



**डोंगरगढ़।** नागसेन बुद्ध विहार में धम्मदेशना का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अरुणाचल के भदंत आतापी संपजानो, भदंत दिठ्ठी विशुद्धी, भदंत उत्तमों मग्गो एवं भदंत नागरत्न ने शामिल होकर त्रिशरण, पंचशील देकर उपासक एवं उपासिकाओं से विपश्यना ध्यान कराया। इस अवसर पर उपासक - उपासिकाओं ने धम्मदेशना का लाभ लिया। भदंत दीठ्ठी विशुद्धी ने वर्षावास का महत्व बताया। उन्होंने बताया कि वर्षा काल में भिक्खुओ मुश्किल का सामना करना पड़ता था। भिक्खु संघ की सुरक्षा को देखते हुए भगवान बुद्ध ने बौद्ध विहारों मे वर्षावास के तीन माह व्यतीत करने कहा था। भंते ने उपोसत के बारे में बताया। भदंत उत्तमों मग्गो ने कहा कि मनुष्य को सोते समय अपना विश्लेषण करना चाहिए कि आज मैने क्या- क्या बोला है। मन क्या - क्या गलत आया है। मैने क्या गलत किया है। संचालन अमिताभ दुफारे ने किया। इस मौके पर बसंत नंदेश्वर, द्वारका भोयर, गौतम रामटेके, पुरुषोत्तम रामटेके, मिलिंद वैद, माया भास्कर, रेखा सहारे, ज्योति मेश्राम, पदमा मेश्राम, राधिका जंघेल, रीना सहारे, सारिका बडोले, संजू गजभिए , माया सोमकुवर, सीमा सहारे, सुनंदा मेश्राम, नंदु गजभिए, भाविका कठाने, गोंडाने आदि मौजूद थे।

### नवनियुक्त नगर पालिका अध्यक्ष गिरजा ने ली शपथ

# नगर विकास के लिए योजनाबद्ध तरीके से करें काम : विक्रांत सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

नगर पालिका परिषद में जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह के मुख्य आतिथ्य में नवनियुक्त नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती गिरजा चन्द्राकर ने शपथ लिया।

अनुविभागीय अधिकारी टंकेश्वर प्रसाद साहू ने अध्यक्ष श्रीमती चन्द्राकर को विधिवत शपथ दिलाई तत्पश्चात कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विक्रांत सिंह ने कहा कि आने वाले दो साल में नपा परिषद से नगर की जनता उम्मीद लगाए हुए है उसमें योजनाबद्ध तरीके से सभी को मिलकर काम करना होगा। श्री सिंह ने अपने कार्यकाल के दौरान संपादित कामों का उदाहरण देते हुए बताया कि शहर में पहले गर्मी के दिनों में आमनेर, पिपिरया और मुसका नदी लगभग सूख जाती थी। ईतवारी बाजार में सकरी रोड में चलना मुश्किल हो जाता था।

हाट बाजार नही होने से गोलबाजार में जाम लगा रहता था, लेकिन सभी के सहयोग से यह सभी आज व्यवस्थित है। पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि उनके आर्शीवाद से नदियों में स्टापडेम का निर्माण हुआ, सड़क चौड़ी हो गई। शानदार अटल उद्यान और व्यवस्थित हाटबाजार का निर्माण किया गया। धार्मिक, सामाजिक व पारिवारिक आयोजन के लिए सांस्कृतिक भवन भी बनाया गया।

कार्यक्रम का संचालन ज्ञानदास बंजारे ने किया। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री रामाधार रजक, अनिल अग्रवाल, रज्जाक खान, नीलिमा गोस्वामी, कीर्ति वर्मा, विनय देवांगन, रूपेंद्र रजक, अजय जैन, शैलेन्द्र वर्मा, सुमित टांडिया, देविन बाई कोठले, नंद चन्द्राकर, कमलेश कोठले, आलोक श्रीवास, पुरुषोत्तम वर्मा, आयश सिंह बोनी, मोनिका रजक, महेश गिरी गोस्वामी, गणेश वर्मा, हेमिन बाई लाउत्रे, लिमेश्वरी साहू, सुमन पटेल सहित नपा के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।




#### सभी को मिलकर काम करना है

इसी तरह अब जिला मुख्यालय के रूप में शहर का नए सिरे से आने वाले दो साल में विकास के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम करना है। मुख्य अतिथि श्री सिंह ने कहा कि आडिटोरियम का निर्माण जरूरी है, शहर की खूबसूरती के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। जिला मुख्यालय के हिसाब से देनी होगी सुविधा जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल के दौरान नगरपालिका में कोई बड़ा विकास का काम नही हुआ जबकि जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह के नपं और नपा के अध्यक्षीय कार्यकाल के दौरान बेहतरीन काम हुआ है। टीके चंदेल ने कहा कि आने वाले दो साल में सभी एकजुट होकर नगर विकास में अपना योगदान दे। सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह ने नवनियुक्त नपा अध्यक्ष को बधाई देते हुए कहा कि आने वाला दो साल चुनौतीपूर्ण है जिसमे नगर के विकास के लिए नई अभिलाषा के साथ काम करना होगा क्योंकि शहर की पहचान अब जिला मुख्यालय के रूप मे है उसके हिसाब से सभी को योजनाबद्ध तरीके से काम करना होगा।

## एमएसएमई को लेकर जनपद में सेमिनार



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जनपद पंचायत सभागार में एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मध्यम) उद्योग और व्यापार को लेकर आयोजित सेमिनार मे निर्माण, कच्चा माल संकलन, प्रसंस्करण, पैकेजिंग, लेबलिंग, मार्केटिंग, प्रशिक्षण, बैंक लोन जैसे विषयों व चुनौतियों से संबंधित मार्गदर्शन दिया गया। एमएसएमई रायपुर के किशोर ईडपाते ने विभाग की योजना को विस्तार से रखा।

जिपं सभापति विप्लव साहू, जिला उद्योग और व्यापार केंद्र परमेश्वर साहू, छग राज्य ग्रामीण बैंक संजय मेरावी, उद्धमी बिशेसर साहू, अमित कुमार, जीतेंद्र धनकर ने विस्तार से मुद्रा लोन, पीएमईजीपी के बारे में बताते हुए कहा कि संपन्न बनने के लिए अमीरों की तरह सोंचना और कार्य करना पड़ता है। हर किसी को इनकम टैक्स रिटर्न भरना चाहिए। व्यापार कितना भी छोटा क्यों न हो, उद्यम आकांक्षा से रजिस्ट्रेशन जरूर करवाना चाहिए। उन्होने कहा कि सफलता न मिलने की दो ही वजह होती है पहला काम शुरू नही करना और दूसरा काम खत्म न करना इसलिए जो सोचे उस पर आगे बढ़े और उसमे सफलता सुनिश्चित करने के बाद अन्य काम पर ध्यान केंद्रित करे।

सेमिनार मे जानकारी और उद्योग स्थापना संबंधी सलाह और कार्य के लिए संपर्क करने की सलाह साथ अधिकारियो ने कहा कि भारत सरकार के उद्योग और व्यापार से संबंधित विविध योजनाओं का लाभ लेना जरूरी है।

## शिशु मंदिर में हुआ संस्कृति महोत्सव का उद्घाटन



**खैरागढ़।** सरस्वती शिक्षा संस्थान रायपुर के योजना अनुसार दुर्ग राजनांदगांव विभाग के संस्कृति महोत्सव 24 का उद्घाटन एसपी त्रिलोक बंसल के मुख्य आतिथ्य में हुआ। संगीत विवि कला संकाय के अधिष्ठाता प्रो. राजन यादव की अध्यक्षता और राजेश ताम्रकार के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित महोत्सव में मुख्य अतिथि एसपी त्रिलोक बंसल ने भैया बहनों को अपने अंदर छिपी कलाओं को पहचान कर उसे प्रदर्शित करने के संदर्भ में मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम अध्यक्ष प्रोफेसर राजन यादव ने भैया बहनों को दृढ़ संकल्प व अपनी सोच को सकारात्मक रखने के बारे में बताया। विशिष्ट अतिथि राजेश ताम्रकार ने संस्कृति महोत्सव को भावी पीढ़ी के लिए महत्वपूर्ण बताया। विभाग समंवयक दीपक सोनी ने कार्यक्रम के प्रतिवेदन वाचन के दौरान संस्कृति महोत्सव को आयोजित करने के उद्देश्य व लाभ के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि यह भावी पीढ़ी के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है। महोत्सव मे 19 विद्यालयों के 302 बहिनों, 110 भैया, 36 सरंक्षक आचार्य व 15 निर्णायक, विभाग समंवयक दीपक सोनी, दीपक यादव व कार्यक्रम प्रभारी बृजमोहन साहू मौजूद रहे। महोत्सव के दौरान 19 विधाओं की प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी जिसमें एकल भजन, तबला वादन, व्यक्तिगत गीत, वन्देमातरम गीत, मूर्तिकला, चित्रकला, तत्कालिक भाषण, कथा कथन, एकल अभिनय, शास्त्रीय गायन, शास्त्रीय नृत्य, निबंध, स्वरचित कविता, रंगोली प्रतियोगिता, गीता पाठ, बौद्धिक प्रश्न मंच, मानस प्रथमाक्षरी शामिल है।

## दिव्यांगजनों को विक्रांत ने दिलाई भाजपा की सदस्यता



**खैरागढ़।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय स्तर से लेकर बूथ स्तर तक चल रहे सदस्यता अभियान को लेकर प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य व जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह संगठन के तय लक्ष्य को पूरा करने रोजाना लोगों के बीच पहुंचकर पार्टी की रीति-नीति से उन्हें अवगत कराकर सदस्य बना रहे हैं। प्रदेश संगठन द्वारा निर्धारित सदस्यता और पार्टी द्वारा दिए गए लक्ष्य को पार करने के लिए स्वयं विक्रांत सिंह के मैदान में उतरने से कार्यकर्ता उत्साहित नजर आ रहे हैं। इसी कड़ी में दिव्यांगजनों ने सदस्यता अभियान की जानकारी पाने पर भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने विक्रांत सिंह के पास पहुंचे जिन्हें उन्होंने भाजपा की सदस्यता दिलाई। दिव्यांगनों ने बताया कि भाजपा सरकार बनते ही महिलाओ को हर महीने एक हजार रुपये महतारी वंदन योजना के तहत सीधे बैंक खाते में पहुँच रहा है जिससे महिलाएं काफी उत्साहित है साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि जिले के ज्यादातर दिव्यांगों को बैटरी चलित ट्राइसाइकिल मिलने से आसानी से कही भी आने जाने में सहूलियत मिल रही है। इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू, आयश सिंह बोनी, आलोक श्रीवास, आशीष साहू, जयप्रकाश साहू, रेखचन्द वर्मा सहित भाजपाई उपस्थित थे।

## श्रमजीवी पत्रकारों ने सौंपा ज्ञापन

■ सुरक्षा और जमीन मांगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



प्रांतीय निर्देश पर श्रमजीवी पत्रकार संघ ने महामहिम राज्यपाल के नाम का ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा। अध्यक्ष आलोक श्रीवास, जितेंद्र सिंह गौर, खिलेन्द्र नामदेव, यतेंद्रजीत सिंह, प्रशांत सहारे, किशोर सोनी, रेखा झा, शिवानी परिहार, साकेत श्रीवास्तव, नीलेश यादव, जितेंद्र यादव, श्रेयांश सिंह, सन्नी यदु सहित अन्य ने पत्रकारो के विभित्र समस्याओं के त्वरित निराकरण को लेकर मांग संबंधी ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि प्रदेश अब अपनी युवावस्था का 25 साल पूरा कर लगभग हर सुविधाओं से परिपूर्ण है लेकिन समाज के हर वर्ग के विकास की राह में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला श्रमजीवी पत्रकार इससे वंचित है।

उन्होंने पत्रकार कल्याण कोष की राशि बढ़ाकर पांच लाख करने, सम्मान निधि योजना में ग्रामीण क्षेत्रों में पत्रकारिता का काम करने वाले साथियों को लाभ दिलाने अधिमान्यता की शर्त समाप्त करने, सम्मान निधि की राशि 15 हजार करने, पत्रकारों की सुरक्षा के लिए पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा गठित का पुनर्गठन करने, एफआईआर की स्थिति में उच्च अधिकारियों से जांच, साप्ताहिक, मासिक समाचार पत्र के संपादक को अधिमान्यता देने, टोल नाका फ्री करने, विश्राम गृह में पत्रकारों के लिए आरक्षण, शहर की तरह ग्रामीण पत्रकारों को भी साल में दो बार भ्रमण करवाने, वेज बोर्ड के नियमानुसार प्रदेश के पत्रकारों व ग्रामीण संवाददाताओं को वेतन दिलवाने श्रम विभाग को प्रक्रिया प्रारंभ कराने, शासकीय विज्ञापनों में प्रदेश के अखबारों, स्थानीय चैनल को प्राथमिकता देने के अलावा रायपुर सहित सभी जिला मुख्यालय, कस्बों में पत्रकारों को न्यूनतम दर पर जमीन देने की मांग की है। महामहिम के नाम कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा को सौंपे ज्ञापन में श्रमजीवी पत्रकार संघ ब्लॉक इकाई के सदस्यों ने उक्त ग्यारह मांगों को पूरा कराने संबंधित विभागों को आदेश जारी करने की मांग की है।

### स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का समापन

# स्वच्छता क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान करने वालों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जयंती अवसर पर स्वच्छ भारत दिवस कार्यक्रम अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का समापन सांस्कृतिक भवन में हुआ। स्वभाव स्वच्छता व संस्कार स्वच्छता थीम पर स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक जारी अभियान मे स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम पंचायत, आंगनवाड़ी केंद्रों, स्कूल, कॉलेज, शासकीय कार्यालय, निजी संस्थान, स्वच्छता दूत, सुरक्षा ग्राही सहित अन्य सहयोगी संस्थाओं व व्यक्तियों को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

उपस्थित लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई वही जनप्रतिनिधियों को भी स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों के छायाचित्रों के अलावा वेस्ट टू आर्ट प्रदर्शनी लगाया गया जिसका सभी ने अवलोकन किया। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में निर्मित 23 सेग्रीगेशन शेड का लोकार्पण भी किया गया।

इसके अलावा नगरीय प्रशासन द्वारा नगर पालिका व नगर पंचायत क्षेत्र में स्वच्छता ही सेवा अभियान 24 अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले वार्डो, स्वच्छता ग्राहियो, दीदियों सहित मेडिकल, संगीत विवि सहित अन्य संस्थाओं को सम्मानित किया। आईडीबीआई बैंक द्वारा नगर पालिका को स्वच्छता ही सेवा तहत डस्टबिन भेंट किया गया




#### स्वच्छता को आदत में करें शामिल : कलेक्टर

समापन समारोह मे कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने कहा कि अपने आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ बनाने के साथ-साथ तन मन की स्वच्छता बेहद जरूरी है। महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के सपने को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी साकार कर रहे हैं। उनके द्वारा लगातार स्वच्छता अभियान चलाकर भारत वर्ष को विकसित राष्ट्रो में शामिल करने का अथक प्रयास किया जा रहा है। कलेक्टर ने कार्यक्रम मे मौजूद लोगो से अपील करते हुए कहा कि इस अभियान को आगे भी जारी रखें और घर-परिवार, समाज, प्रदेश व देश को साफ-सुथरा बनाने में अपनी भूमिका सुनिश्चित करें। स्वच्छता को सिर्फ अभियान मात्र नहीं बल्कि इसे अपनी आदत में शामिल करें। जिपं सभापति घम्मन साहू ने दस साल पहले स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की शुरुआत से लेकर अभी तक संपादित गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में इस मुहिम के कारण बहुत सारे परिवर्तन देखने को मिल रहा है। नपा अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर ने स्वच्छता ही सेवा अभियान में नगर पालिका द्वारा किए गए विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह ने कहा की स्वच्छता के मामले मे नए अध्याय की शुरुआत खैरागढ़ शहर मे निर्मल त्रिवेणी के माध्यम से शुरू हुई था जिसमे युवाओ के साथ बुजुर्गो और बच्चो ने महती भूमिका निर्वहन किया इसमे नपा ने भी सहयोग दिया था। इससे पूर्व अपर कलेक्टर प्रेम कुमार पटेल ने स्वच्छ भारत मिशन की दसवीं वर्षगांठ पर प्रशासकीय प्रतिवेदन का वाचन किया।

## कोमल जंघेल को बधाई देने पहुंचे जनप्रतिनिधि



हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने बुधवार को अपना जन्मदिन सादगी के साथ मनाया। उनके जन्मदिन को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में जमकर उत्साह रहा। उन्हे बधाई देने घिरघोली में सुबह से भाजपा नेता एवं कार्यकर्ताओ के आने का सिलसिला शुरू हो गया था जो शाम तक जारी रहा।

कार्यकर्ताओं ने केक काट कर उन्हे जन्म दिवस का बधाई दिया। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू, खैरागढ़ पालिका अध्यक्ष गिरिजा चंद्राकर, प्रेमनारायण चंद्राकर, तीरथ चंदेल, राकेश ताम्रकार, नीलिमा गोस्वामी, जीवनदास रात्रे, टीलेश्वर साहू, खम्मन ताम्रकार, नेतराम जंघेल, विनय देवांगन, विकेश गुप्ता, अजय जैन, रेखा गुप्ता, देवीन कोठले, पुष्पा सिंदूर, मोनिका रजक, शैलेन्द्र वर्मा, दिलीप राजपूत, सुमित टांडिया, रूपेंद्र रजक, राजेश देवांगन, परासर ठाकरे, नंद चंद्राकर, कमलेश कोठले, अवध जंघेल, टूमन साहू, शैलेन्द्र वर्मा, भारत वर्मा, अनुप वर्मा, कृष्णकांत महोबिया, भावेश कोचर, प्रकाश जंघेल, ललित सोनी, संतोष ठाकुर, दिलीप वैष्णव, प्रदीप श्रीवास्तव, विक्रांत चंद्राकर, हर्षवर्धन वर्मा, हेमू साहू, रोहित जंघेल, संजय अग्रवाल, गोरे वर्मा, खेमराज जैन, मंगल जैन, विक्की अग्रवाल, भिखु साहू, राजू जयसवाल, रमेश जंघेल, गैदा जंघेल, रोशन जंघेल, सूरज वर्मा, पंकज वर्मा, विपिन जंघेल, नेमु शिवहरे, नेता जी जंघेल, आजेन दसरिया, तोरन जंघेल, किसन सिलोटया, आशानंद शिवहरे, रमेश जंघेल, दादू भेड़यिा, भोज वर्मा, तमेश्वर वर्मा, धुरवा राम, जगेश्वर वर्मा, पीतांबर वर्मा, कौशल वर्मा, रुपेश वर्मा, अरविंद, रघुदन वर्मा, डोगेंद्र जंघेल, भूपेंद्र वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

### स्वास्थ्य महकमे की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

# नीचेकोहडा में फिर एक रहस्यमयी मौत, ग्रामीणों में दहशत का माहौल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

विकासखंड अंबागढ़ चौकी के आदिवासी बाहुल्य ग्राम पंचायत नीचेकोहड़ा में क्रमबद्ध रहस्यमयी मौतों का ग्राफ बढ़ते ही जा रहा है। पिछले दिनों हुई आठ मौतों के मामले को प्रशासनिक तौर पर हर तरह से दबाने के प्रयास हो रहे हैं। इस बीच फिर एक 35 वर्षीय दो मासूम बच्चों की मां की रहस्यमयी मौत हो गई है। अब तक इस गांव में तीन बुजुर्ग व 6 युवाओं की अकाल मौत हो गई है।

उल्लेखनीय है कि नीचेकोहडा गांव में मौतों के तांडव के बीच कई किसान-मजदूर तपके के ग्रामीण महिला, पुरूष व युवा कई तरह के बीमारी की हालात से इन दोनों जूझ रहे हैं। आंकड़ों के मुताबिक अब तक ग्राम पंचायत नीचेकोहडा में नौ लोगों की आकस्मिक निधन हो चुकी है। 100 से ऊपर लोग विभिन्न सरकारी अस्पताल, झोलाछाप डॉक्टर व अन्य प्राईवेट अस्पतालों में इलाज करवा चुके हैं और कईयों की इलाज जारी है। बताया गया कि गांव की 35 वर्षीय आदिवासी विवाहित महिला केसरियाबाई मेड़िया पति सुनील मेडिया का 28 सितंबर को अचानक तबियत खराब हो गई। सिर में दर्द होने के कारण प्रारंभिक तौर पर महिला को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कौड़ीकसा में उपचार कराया गया। शनिवार-रविवार घर में रहने के बाद अचानक फिर से सोमवार 30 तारीख को तबियत बिगडी। पति सुनील मेडिया ने आनन-फानन में प्राईवेट गाड़ी बुलाकर पत्नी को अंबागढ़ चौकी स्थित शिवनाथ प्राईवेट अस्पताल पहुंचाया, जहां सीरियस कंडीशन में होने के बाद उसे राजनांदगांव रेफर कर दिया गया। मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव ले जाते समय महिला ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया, जिसे उपस्थित डॉक्टरों ने मृत घोषित किया। इधर गांव में दहशत का माहौल है। आम ग्रामीण समझ नहीं पा रहे हैं कि एक के बाद एक उनके गांव में इस तरह से मौतें कैसे हो रही है। इधर क्रमबद्ध को लेकर प्रशासन हाथ में हाथ धरे बैठा हुआ है।




### लाचार साबित हो रहा है स्वास्थ्य विभाग

नीचेकोहडा गांव में हो रहे सिलसिलेवार मौतों को लेकर स्वास्थ्य विभाग अब तक यह नहीं जान पाया है कि गांव में मामूली तबियत खराब होने पर मौत कैसे हो रही है। पूरा का पूरा विभाग हाथ में हाथ धरे बैठा हुआ है। वहीं जिला प्रशासन मौतों के मामले को उल्टी दिशा में ले जा रही है।

### अब तक इन लोगों की हुई मौत

ईश्वर लाल 85 वर्ष मौत 11 जुलाई, वीरेंद्र कुमार 21 वर्ष मौत 30 जुलाई, सरिताबाई 48 वर्ष मौत 10 अगस्त, सुरजाबाई 80 वर्ष मौत 20 अगस्त, नंदकुमार 48 वर्ष मौत 21 अगस्त, हततेराम 85 वर्ष मौत 2 सितंबर, रेणुका 19 वर्ष मौत 13 सितंबर, कुमारी सती 20 वर्ष मौत 13 सितंबर, केसरियाबाई मेडिया 35 वर्ष मौत 30 सितंबर को हो गया है।

### विधायक के दौरा से खुला मौतों का ग्राफ

मोहला-मानपुर विधायक इंद्रशाह मंडावी बीते दिनों दौरा करते ग्राम नीचेकोहडा पहुंचे। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि लगातार उनके गांव में आठ लोगों की मौत हो गई है। गांव में काफी संख्या में लोग बीमार हैं। जिसके बाद कलेक्टर से बात करते स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरआर धुर्वे, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एसआर मंडावी को नीचेकोहड़ा पहुंचे विधायक इंद्रशाह मंडावी ने लगातार हुए मौतों की जानकारी लेना चाहा तो दोनों अधिकारियों ने घटना की जानकारी से इनकार किया, जिस पर विधायक ने फोन पर फटकार लगाते व्यवस्था दुरूस्त करने तथा विशेष शिविर लगाकर डोर-टू-डोर सर्वे करने का निर्देश दिया। बावजूद स्वास्थ्य अधिकारी आम ग्रामीणों के एक के बाद एक मौतों को रोक पाने में असफल साबित हो रहे हैं।

### मर रहे हैं आम ग्रामीण, तमाशा देख रहा है प्रशासन

मोहला मानपुर विधायक इंद्रशाह मंडावी ने कहा कि विगत 20-25 सालों से मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के मूल निवासी जिला स्वास्थ्य अधिकारी एसआर मंडावी तथा अंबागढ़ चौकी ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी के रूप में पदस्थ डॉ. आरआर धुर्वे दोनों अफसर स्थानीय हैं। डॉ. धुर्वे का पदस्थापना हाल ही में शासन स्तर पर मोहला कर दिया गया है, परंतु वे कुर्सी नहीं छोड़ रहे हैं। इसी तरह सीएमएचओ मंडावी की जगह राजनांदगांव जिले के घुमका बीएमओ डॉ. विजय खोब्रागढ़े जिले के नए जिला स्वास्थ्य अधिकारी के रूप में सरकार ने नियुक्त किया है। उनकी 5 अगस्त को ज्वाईनिंग भी हो गई है। इधर डॉ. मंडावी ने सरकार के निर्देश के खिलाफ हाईकोर्ट से इस पदस्थापना को लेकर स्टे ले आए हैं। दोनों अधिकारियों की कार्यप्रणाली के चलते इस जिले का स्वास्थ्य महकमा बीमार अवस्था में है। नीचेकोहड़ा में सिलसिलेवार हो रहे मौत को रोकने के बजाय जिला प्रशासन मौत के मामले को दफन करने हर तरह का हथकंडा अपना रहा है।

# मां पाताल भैरवी के साथ दस महाविद्या का एक साथ अलौकिक दर्शन

**राजनांदगांव।** ब्रह्म ऋषि बर्फानी दादाजी द्वारा तीन लोकों में स्थापित शहर की सिद्ध शक्तिपीठ मां पाताल भैरवी मंदिर में नवरात्र का पर्व यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए खास होता है। यहां मां पाताल भैरवी के साथ ही भक्तों को राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी और दस महाविद्याओं के एक साथ दर्शन का अलौकिक सुख मिलता है। मंदिर के पाताल लोक में मां पाताल भैरवी विराजमान है। वहीं भू-लोक में दस महाविद्याओं के साथ राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी विराजित है। नवरात्र के अवसर पर दस महाविद्याओं की पूजा का अवसर यहां आने वाले श्रद्धालुओं को मिलता है। जिसके चलते नवरात्र प्रारंभ होते ही यहां श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो जाता है।





### दस स्वरूपों का एक साथ दर्शन

मां पाताल भैरवी मंदिर परिसर में मां राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी के साथ मां काली, मां तारा, मां छिन्नमस्ता, मां षोडशी, मां भुवनेश्वरी, मां भैरवी, मां धूमावती, मां बगलामुखी, मां मातंगी और मां कमला एक ही परिसर में विराजित है, जो इस मंदिर को विशेष बनाती है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं को माता के इन दस रूपों के एक साथ दर्शन का लाभ मिलता है।

### विश्व के आधा दर्जन देशों से ज्योति कलश स्थापित

मां पाताल भैरवी मंदिर में इस वर्ष लगभग 2125 मनोकामना ज्योति कलश स्थापित किए गए हैं। मंदिर समिति के सचिव गणेश प्रसाद शर्मा ने बताया कि इस वर्ष भी विदेश के श्रद्धालुओं द्वारा मनोकामना ज्योति कलश स्थापित कराई गई है। जिसमें कनाडा, जर्मनी, फिलिस्तीन, अमेरिका, दुबई जैसे देश शामिल हैं। वहीं भारत के राज्यों में छत्तीसगढ़ के अलावा गुजरात, महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश, बिहार, झारखंड से भी श्रद्धालुओं की मनोकामना ज्योति कलश यहां स्थापित की गई है।

### मनोकामना होती है पूरी

मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित करने पहुंची श्रद्धालु केवड़ा गौतम और वर्षा अहीर का कहना है कि यहां वे लगभग 10-15 वर्षों से ज्योति कलश स्थापित कर रहे हैं। जिससे उनकी मनोकामना पूर्ण होती है। वहीं नवरात्र के अवसर पर एक परिसर में ही माता के सभी रूपों के दर्शन होने का सौभाग्य भी मिलता है।

### दस महाविद्या पूजा का विशेष महत्व

गुप्त नवरात्रि में दस महाविद्या की पूजा का विशेष महत्व होता है, लेकिन शारदीय नवरात्र में भी इनकी पूजा से माता पार्वती की कृपा मिलती है। मान्यताओं के अनुसार दस महाविद्या की पूजा करने से रोगों से मुक्ति मिलती है। वहीं स्वास्थ्य, धन और समृद्धि की प्राप्ति होती है। मनोकामना पूर्ति के लिए भी दस महाविद्या की पूजा का महत्व है।

### शिव और शक्ति स्थापित

सिद्ध शक्तिपीठ मां पाताल भैरवी मंदिर में शिव और शक्ति दोनों स्थापित है। इस मंदिर के पाताल लोक और भू-लोक में माता विराजित है। वहीं आकाश लोक में भगवान शिव द्वादश ज्योतिर्लिंगों के साथ विराजमान है। ऐसे में यह मंदिर पूरे प्रदेश में खास महत्व रखता है। यही वजह है कि नवरात्र के अवसर पर बड़ी संख्या में यहां श्रद्धालु पहुंचते हैं।

### जड़ी बूटी युक्त खीर की चर्चा विदेशों में

नवरात्र के बाद शरद पूर्णिमा को मां पाताल मंदिर समिति द्वारा वितरित किए जाने वाले जड़ी बूटीयुक्त खीर की चर्चा देश और विदेशों में है। यहां वितरित किए जाने वाले खीर से सांस व दमा जैसे रोगों से छुटकारा मिलता है। जिसके चलते हजारों श्रद्धालु शरद पूर्णिमा की रात यहां पहुंचकर प्रसाद स्वरूप जड़ी बूटीयुक्त खीर ग्रहण करते हैं।

# आईडीबीआई बैंक ने मनाया अपना 60वां स्थापना दिवस



**राजनांदगांव।** शहर के जयस्तंभ चौक स्थित आईडीबीआई बैंक का मंगलवार को स्थापना दिवस मनाया गया। बैंक की 60वीं वर्षगांठ पर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उद्‌घाटन किया गया। इस दौरान चेंबर ऑफ कामर्स के कार्यकारी अध्यक्ष सूरज खंडेलवाल, सीएम रणदीप सिंह भाटिया एवं सीए रितेश कोटड़िया के साथ ही शहर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान ही शाखा प्रबंधक अभिषेक शर्मा द्वारा बैंक की उपलब्धियों के बारे में ग्राहकों को जानकारी दी गई। डिजिटालाईजेशन को बढ़ावा देने के दृष्टिकोण से आईडीबीआई बैंक ने अपने एप के रूप का एक सेल्फी पाइंट भी ग्राहकों के लिए बनाया।

### भव्य मंदिर बनकर तैयार



**राजनांदगांव।** गणेश पर्व पर स्थल सजावट के नाम से प्रसिद्ध शहर में अब मां दुर्गा की स्थापना में भी स्थल सजावट की भव्यता देखने को मिल रही है। मां दुर्गा के साथ काली माता के भव्य मंदिर राहुल नगर लखोली में तैयार है। यहां कोलकाता का प्रसिद्ध मां दक्षिणेश्वर काली माता का भव्य पंडाल बनकर तैयार हो चुका है, जिसे महोबिया वेल्डिंग एवं उनके मित्रों ने स्थानीय स्तर पर ही तैयार किया है। मां कालिका उत्सव समिति के अध्यक्ष संतोष गुप्ता ने बताया कि लखोली के स्थानीय नवयुवकों द्वारा उक्त आकर्षक एवं मनमोहक मंदिर का निर्माण किया गया है, जिसे बनाने में राहुल नगर के लोगों ने मदद की है।

# 6 वर्षीय सिमरन के बोनमैरो ट्रांसप्लांट के लिए सीएम ने स्वीकृत किए 18 लाख

- गंभीर रोगों के मरीजों के ईलाज हेतु सीएम ने स्वीकृत किए कुल 29 लाख 47 हजार रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत राज्य शासन द्वारा थैलेसेमिया मेजर (रक्त विकार) की गंभीर बीमारी से जूझ रही राजनांदगांव शहर की 6 वर्षीय मासूम बच्ची सिमरन को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अनुशंसा पर बोनमैरो ट्रांसप्लांट किए जाने 18 लाख रुपए की राशि 24 सितंबर को स्वीकृत की गई। उक्त राशि संबंधित अस्पताल न्यू ऐरा चाईल्ड केयर हॉस्पिटल नागपुर के खाते में भुगतान कर पीड़ति निर्धन बालिका के ईलाज एवं बोनमैरो ट्रान्सप्लांट ऑपरेशन की व्यवस्था की गई है।



सिमरन के पिता प्रीतम सिंह वार्ड नं. 19 ममता नगर गली नं. 3 गुलमोहर कॉलोनी राजनांदगांव के निवासी है, जो साधारण परिस्थिति के कारण अपनी पुत्री के ईलाज का भारी भरकम व्यय सहन करने में असक्षम है। इलाज स्वीकृति आदेश की एक प्रति पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने अपने हाथों से 6 वर्षीय सिमरन के समक्ष उनके पिता प्रीतम सिंह, बड़े पापा पवन सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता सुपर्ण सिंह बघेल, भाजपा नेता राजेन्द्र जैन की उपस्थिति में प्रदान की। पूर्व सांसद ने सिमरन को गुलदस्ता भेंट करते उससे हाथ मिलाया और बालिका को स्वस्थ्य, दीर्घायु एवं सुखद जीवन के लिए शुभकामना दी। परिजनों द्वारा इलाज हेतु राज्य शासन से इतनी बड़ी आर्थिक मदद स्वीकृत होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पांडे व पूर्व सांसद मधुसूदन यादव को धन्यवाद देते उनके प्रति कृतज्ञता एवं आभार प्रकट किया गया है। पूर्व सांसद ने बताया कि राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र अंतर्गत विगत 3 माह में 5 विभिन्न प्रकरणों में मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना से कुल राशि 29,47,770 रुपए गंभीर रूप से पीड़ित निर्धन मरीजों को संबंधित अस्पताल के लिए जारी कर लाभान्वित किया गया है। जिसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पाण्डे के संयुक्त प्रयासों का नतीजा है। उन्होंने बताया कि राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र की मरीज राजकुमारी सिन्हा पति भुनेश्वर कुमार सिन्हा, ग्राम भोथी जिला केसीजी को लीवर संबंधी गंभीर बीमारी के ईलाज हेतु अपोलो हास्पिटल हैदराबाद में चिकित्सा के लिए 24 सितंबर को 257800 रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। इसके पूर्व 13 अगस्त 2024 को भी शहर की मरीज कल्याणी यादव पिता सुदेश यादव निवासी शंकरपुर रामनगर राजनांदगांव को संजीवनी कैंसर हॉस्पिटल रायपुर में इलाज के लिए 3,25,600 रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। 13 अगस्त 2024 को ही चमेलीबाई साहू पिता थानसिंह साहू निवासी ग्राम कुसमी को 3,26,770 रुपए की राशि एम्स रायपुर में हृदय धमनी बाईपास शल्यक्रिया हेतु स्वीकृत की गई है। इसके पूर्व 26 जुलाई 2024 को शब्बर अली नकवी आत्मज नियाज अली निवासी गौरीनगर राजनांदगांव को 2,37,600 रुपए की राशि हेमोडायलिसिस उपचार के लिए आरोग्यम सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल दुर्ग के नाम से जारी किया गया है। गंभीर बीमारियों से जूझ रहे उक्त सभी मरीजों के परिजनों द्वारा राजनांदगांव के पूर्व सांसद मधुसूदन यादव से प्रत्यक्ष मुलाकात कर मरीज के इलाज का आवेदन पत्र देते शासन से सहायता उपलब्ध कराने निवेदन किया गया था, जिस पर त्वरित कार्रवाई की गई है।

आवश्यकता है
1. कम्प्यूटर ऑपरेटर (वेतन 8000/- रुपए) - 3 पद
2. सर्वेयर - 4 पद
3. मेकेनिक (अनुभवी को प्राथमिकता) - 2 पद
4. वाहन चालक (अनुभवी को प्राथमिकता) - 4 पद
समस्त दस्तावेज के साथ स्वयं संपर्क करें।
मे. पदमा गैस एजेंसी
मोगरा कालोनी डोंगरगांव

online Booking:-www.tripuryatra.com

स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
14 अक्टूबर से 20 अक्टूबर 2024 तक, 23 दिसंबर से 29 दिसंबर 2024, 02 मई से 08 मई 2025
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि : स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411

### नाबालिग से दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** नाबालिग को बहलात्रफुसला कर अपने साथ भगा ले जाने एवं कुकर्म करने के मामले में पुलिस ने अपहृत नाबालिग को महाराष्ट्र से आरोपी के कब्जे से बरामद किया एवं आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार छुरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी ने 30 सितंबर को रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी नाबालिग लड़की उम्र 15 साल को अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहलात्रफुसलाकर भगा ले गया है। रिपोर्ट पर धारा 137(2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस को इस मामले में मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी नाबालिग पीड़िता को थाना पुराडा महाराष्ट्र क्षेत्र अंतर्गत रखा है, जिस पर पुलिस ने नाबालिग बालिका को आरोपी लोकेश 19 साल साकिन बालोद के कब्जे से बरामद किया गया। आरोपी द्वारा नाबालिग बालिका को वैध संरक्षण से भगाकर ले जाने एवं जबरन शारीरिक संबंध बनाना स्वीकार करने से प्रकरण में धारा 65 (1) बीएनएस 4, 6 पाक्सो एक्ट जोड़ी गई। घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल जब्त कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

### आज चिद्दो में शिविर

**राजनांदगांव।** डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम चिद्दो में कल 4 अक्टूबर को आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। पूर्व में इस शिविर का आयोजन ग्राम अमलीडीह में प्रस्तावित था। शिविर स्थल को अपरिहार्य कारणों से परिवर्तित किया गया है।

# जयंती पर गांधी व शास्त्री को किया याद



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के उपलक्ष्य पर आज आयोजित कार्यक्रम में पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, उपायुक्त मोबिन अली समेत यूके रामटेके, संजय वर्मा, ईमरान खान, राकेश नंदे, नारायण यादव द्वारा गांधी एवं शास्त्री के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन किया गया। तत्पश्चात आयुक्त गुप्ता ने अधिकारी-कर्मचारियों को स्वच्छता अपनाने शपथ दिलाई। सुबह निगम कार्यालय में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

कार्यक्रम में आयुक्त गुप्ता ने गंदगी को दूर कर भारत माता की सेवा करने, स्वच्छता के प्रति सजग रहने, हर वर्ष 100 घंटे यानी हर सप्ताह 2 घंटे श्रमदान करने, न गंदगी करूंगा न करने दूंगा प्रतिज्ञा करने, स्वयं अपने परिवार से मोहल्ले से, गांव से एवं कार्यस्थल से स्वच्छता की शुरूआत करने, गांव-गांव गली-गली स्वच्छता का प्रचार करने लोगों को भी स्वच्छता के लिए 100 घंटे देने प्रेरित करने अधिकारी व कर्मचारी को संकल्प दिलाया। आयुक्त गुप्ता ने कहा कि महात्मा गांधी ने सदैव स्वच्छता को महत्व दिया, इन्हीं के सिद्धांतों का पालन करते हम स्वच्छता अपना रहे हैं। उनके स्वच्छता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाए। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री शास्त्री की सादगी एवं उनके आदर्श हमें प्रभावित करते हैं। उनके बताए मार्गों पर चलने की कोशिश करने में ही हमारा हित होगा, क्योंकि वो जो कार्य किए, वैसा आज कर पाना मुश्किल है, पर उनके आदर्शों पर चलकर जीवन को सफल बनाना है। निगम के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## विद्यार्थियों ने दी भजनों की प्रस्तुति

**राजनांदगांव।** युगांतर पब्लिक स्कूल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। विद्यार्थियों और शिक्षकों ने गांधी के प्रिय भजनों का गायन किया। आयोजन में हिंदी विभागाध्यक्ष वीएन राय, फिजिकल एजुकेशन शिक्षिका वंदना सिंह, संगीत विभाग के गोपीप्रसाद पटेल, अक्षय केहरी, लवली पाल, कला विभाग के अजय चौरसिया, ज्ञानेश पटेल का सहयोग रहा।

प्राचार्य डॉ. मधु पी. चौधरी ने गांधी व शास्त्री के सिद्धांतों का उल्लेख करते बताया कि हम इनके एक सिद्धांत भी अपना लेते हैं तो हमारे जीवन में सुंदर तथा सकारात्मक परिवर्तन होना शुरू हो जाता है। इनके सत्य-अहिंसा के सिद्धांत आज भी प्रासंगिक है। आज विश्व में गांधी की उपमा बड़े शान से ली जाती है। उन्होंने कहा कि हमें महात्मा गांधी के सारे सिद्धांतों को समझना है तो हमें उनकी आत्मकथा अध्ययन करना चाहिए। इसी तरह शास्त्री की सरल जीवन शैली समझने उनकी जीवनी का अध्ययन करना चाहिए। शास्त्री के नारे जय जवान-जय किसान से सारा जन मानस प्रभावित रहा। महात्मा गांधी विश्व मानवता की मूर्ति थे। उनके सिद्धांत सार्वभौम मानवतावाद पर आधारित थे। शास्त्री के बारे में उन्होंने बताया कि वे संघर्षशील व्यक्तित्व के धनी थे, जब देश में अकाल के कारण खाद्यान्न की कमी हो गई थी, तो शास्त्री ने भारतवासियों को एक समय का उपवास रखने की सलाह दी। उनकी इस सलाह का सभी पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा। इस तरह उन्होंने इस समस्या का समाधान प्रस्तुत कर सभी की रक्षा की। इस आयोजन की सफलता पर चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी सहित युगांतर परिवार ने हर्ष प्रकट किया है।



आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को सर्वे कार्य हेतु 10 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000+
बाहर के अभ्यर्थियों के लिए आवास की सुविधा
Resume Whatsapp करें
8319268069, 7489534456
हरिभूमि
ब्यूरो कार्यालय, दुर्गा चौक, राजनांदगांव

## खबर संक्षेप

### बाउंड्रीवॉल अत्यंत जर्जर छात्र-छात्राओं को खतरा



**बरबसपुर।** जिला मुख्यालय से लगभग 7 किलोमीटर की दूरी पर बिलासपुर नेशनल मार्ग किनारे सिंघनपुरी ग्राम पंचायत बसा हुआ है जहां एक नहीं दो शासकीय प्राथमिक और मिडिल स्कूल एक ही परिसर पर संचालित हो रहा है, जनकारी के अनुसार वर्षों पहले बाउंड्री वॉल तथा पुराना बाउंड्रीवॉल होने के कारण अत्यंत जर्जर और बदहाल हो गया है जो मोटी -मोटी दरार आ चुका है जिनके कारण से कभी भी भषक कर गिर सकते हैं बच्चे परिसर में खेल कूद करते समय जर्जर बाउंड्रीवॉल के पास पहुंच जाते हैं जिसे छात्र-छात्राओं को हादसा दुर्घटना होने की संभावना बनी हुई है यदि क्षतिग्रस्त बाउंड्रीवालों को तोड़कर नया बाउंड्रीवॉल की नव निरमाण की जरूरत है ताकि दुर्घटना खतरा से बचा जा सके इस ओर शिक्षा विभाग और जिम्मेदार विभाग को ध्यान देने की जरूरत है ताकि छात्र - छात्राओं को बुनियादी सुविधा मिल सके।

### धान की फसलों में फफूंदनाशक दवा छिड़काव के बाद नुकसान हुए फसलों का किया मुआयना

# कलेक्टर ने कृषि विभाग के अधिकारी को कंपनी के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा सहसपुर लोहारा विकासखंड के ग्राम केजेदाह के किसानों द्वारा फफूंदनाशक दवा छिड़काव से हुए फसल क्षति की जानकारी मिलने पर कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ ग्राम केजेदाह के खेत में पहुंचकर फसलों का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने प्रभावित किसानों के खेतों में जाकर फसलों का मुआयना किया और किसानों की समस्याओं को ध्यान से सुना। निरीक्षण के दौरान दवा कंपनी के प्रतिनिधि आवश्यक जानकारी के साथ उपस्थित थें। वही कलेक्टर श्री वर्मा के निर्देश पर कृषि उपसंचालक द्वारा किसानों की शिकायत पर टीम जांच के लिए गांव भेजी गई थी। जिसमें दवा के छिड़काव द्वारा फसल का नुकसान होना पाया गया। कलेक्टर ने जांच के आधार पर कम्पनी के प्रतिनिधि के माध्यम से कंपनी द्वारा किसानों को मुआवजा और क्षतिराशि राशि प्रदान के निर्देश दिए। कलेक्टर ने किसानों को मुआवजा राशि उपलब्ध कराने कंपनी की कार्रवाई पर मॉनिटरिंग करने एसडीएम और कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को मुआवजा का प्रकरण तैयार कर कंपनी को भेजने के निर्देश दिए। जिससे प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा मिल सके। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि किसानों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। फसलों को हुए नुकसान की पूरी जांच कराई जाएगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि प्रभावित किसानों को मुआवजा दिलाने के लिए प्रशासन कार्रवाई कर रही है। कृषि विभाग के उप संचालक मोहंती ने बताया कि सहसपुर लोहारा विकासखंड के ग्राम कोयलारी, केजेदाह और छोटूपारा के चार किसानों द्वारा फफुंदनाशक दवा छिड़काव से फसल खराब होने की शिकायत की गई थी। इसके बाद कलेक्टर के निर्देश पर विभाग के अधिकारीयों को जांच करने गांव भेजी गई थी। इसमें फसल के छिड़काव से लगभग 21 एकड़ खेत में फसल नुकसान होना पाया गया है। इस दौरान सहसपुर लोहारा एसडीएम सुश्री अकांक्षा नायक, उपसंचालक कृषि अमित कुमार मोहंती, तहसीलदार, डॉ. विवेक गोहिया सहित संबंधित अधिकारी एवं किसान उपस्थित थे।

### केजेदाह में ग्रामवासियों के साथ जमीन पर बैठकर किया संवादः गोपाल वर्मा



निरीक्षण के बाद कलेक्टर गोपाल वर्मा ने ग्राम केजेदाह में ग्रामवासियों के साथ जमीन पर बैठकर संवाद किया और उनकी शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुना। उन्होंने किसानों से उनकी फसलों के नुकसान, खेती की चुनौतियों और अन्य ग्रामीण समस्याओं के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर श्री वर्मा ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं का समाधान प्रशासनिक स्तर पर तेजी से नियमानुसार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वे इस मामले की निगरानी करेंगे, ताकि किसानों को जल्द से जल्द राहत मिल सके। ग्रामवासियों ने इस दौरान स्कूल में एकल शिक्षक होने की जानकारी दी। कलेक्टर ने कहा कि एकल स्कूल शिक्षक के लिए अन्य शिक्षकों की व्यवस्था की जा रही है। इसके लिए शिक्षा विभाग द्वारा कार्रवाई की जा चुकी है। ग्रामवासियों ने केजेदाह से ग्राम बामी जाने वाले रास्ते में पड़ने वाले नाला में पुलिया निर्माण की आवश्यकता के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नाला में पानी होने के कारण आने जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कलेक्टर ने बताया कि नाला में पुलिया निर्माण के लिए प्रस्ताव भेजा जा चुका है।

# ग्राम मोहगांव में नौ दिवसीय अखण्ड नवधा रामायण का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭मोहगांव

विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम मोहगांव में नौ दिवसीय अखण्ड नवधा रामायण का आयोजन नवरात्र पर्व के शुभारंभ अवसर पर 3 अक्टूबर से किया गया। समस्त ग्रामवासियों द्वारा वैसे तो मोहगांव में धार्मिक आयोजन होते ही रहते हैं लेकिन यह पहला मौका है जब यहां नवधा रामायण का आयोजन किया जा रहा है। अखण्ड नवधा रामायण के अवसर पर गांव में भव्य कलश यात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में गांव की महिलाए तथा बालिकाओं ने हिस्सा लिया। तत्पश्चात विधिवत पूजा अर्चना कर नवधा रामायण का शुभारंभ किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि इस आयोजन में यजमान के रूप में चैन कुमार तथा गंगोत्री चन्द्रवशी शामिल है। वहीं प्रवक्ता के रूप में पं.अरूण शर्मा, पुरोहित चन्द्रभूशण प्रसाद पाठक, प्रवक्ता पं. पवन पाण्डेय, प्रवक्ता पं. हरेकृष्ण शुक्ला, पं. श्रीधर शर्मा, पंडरिया अभिषेक शास्त्री उपस्थित रहेंगे और प्रतिदिन दोपहर 3.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक श्रोताओं को रामकथा का श्रवणपान कराएंगे। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से इस आयोजन अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर पुण्यलाभ अर्जित करने का आव्हान किया है।

### कार्यालय कलेक्टर एवं जिला विवाह अधिकारी कबीरधाम (छ.ग.)

// सूचना का प्रकाशन //

क्रमांक/3968/ प्रस्तुतकार/2024
कबीरधाम, दिनांक01/10/2024

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचति किया जाता है कि आवेदक वर धर्मेन्द्र कौशिक पिता धन्नू कौशिक 24 वर्ष निवासी ग्राम-सेमरिया, थाना कवर्धा, तहसील स.लोहारा जिला कबीरधाम (छ.ग.) एवं वधु दिव्या कौशिक पिता रामावतार कौशिक आयु 18 वर्ष मूल निवासी ग्राम उलट चौकी बाजार चारभाठा थाना कवर्धा, जिला कबीरधाम छ.ग. दोनों के द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अधीन अपने विवाह का आवेदन पत्र पेश किया गया है।

अनुष्ठापिता आशयित विवाह के विरूद्ध आपत्ति/दावा करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध मे पेशी तारीख 04.11.2024 के पूर्व या सूचना प्रकाशन की तिथि के एक मास कलैण्डर या तीस दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार करना संभव नही होगी तथा यह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 30.09.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।
संलग्न : आशयित विवाह सूचना की आवेदन प्रति।

मुहर
जिला विवाह अधिकारी
कबीरधाम

# उप मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी श्रीमती रश्मि शर्मा श्रीमद् भागवत कथा का रसपान करने पहुंची कुण्डा

- महिला मोर्चा की मण्डल अध्यक्ष व कार्यकर्ताओं से की भेंट मुलाकात।

हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा

छत्तीसगढ़ राज्य के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की धर्मपत्नि श्रीमती रश्मि शर्मा मंगलवार को जिले के विधानसभा पंडरिया अंतर्गत ग्राम कुंडा के साहू परिवार में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ में एवं कथा में कथा का श्रवण करने कुण्डा मण्डल पहुंची वही विगत दिनों प्रदेश के उपमुख्यमंत्री गृह विभाग विजय शर्मा के धर्मपत्नी पूर्व जिला पंचायत सदस्य कबीरधाम रश्मि शर्मा स्व.भोंदु राम साहू के वार्षिक श्राद्ध पर पुत्र बीरबल साहू, गंगू साहू एवं भंगू साहू व परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ एवं कथा में कथा वाचक पण्डित तिलक प्रसाद तिवारी चंद्रगढी वाले के मधुर मुखविंदार से कथा का रसपान करने पहुंची श्रीमती रश्मि शर्मा के कुण्डा पहुंचे पर भाजपा मण्डल कुण्डा के पदाधिकारियों एवं साहू परिवार के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। श्रीमती रश्मि शर्मा ने श्रीमद भागवत भगवान की पूजा अर्चना कर जिले एवं ग्रामवासियो के सुख समृद्धि एव खुशहाली की कामना की। वही उन्होने भाजपा कार्यकर्ताओं से भेंट मुलाकात की व भाजपा महिला मोर्चा की कुण्डा मण्डल अध्यक्ष श्रीमती सुमन गुप्ता के निवास पर उनसे मुलाकात की। दरअसल श्रीमती गुप्ता बीते कुछ दिनो से अस्वस्थ्य चल रही है। जिसकी जानकारी मिले के बाद श्रीमती शर्मा उनसे मिलने पहुंची। इस दौरान रश्मि शर्मा ने भाजपा मण्डल कुण्डा की अन्य महिला कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से भी मुलाकात की और उनका हालचाल जाना उक्त कार्यक्रम में श्रीमती शर्मा के साथ प्रेमवती बीरबल साहू, समुंद गंगू साहू, बिना भंगू साहू, चमेली बिहारी साहू, कोशिल्या फेकू साहू, नीरा राधेश्याम साहू, विंदा दशरथ साहू, मती जनक साहू, लता ईश्वर साहू रामकुवर प्रकाश साहू, रामस्वरूप साहू, नकुल पाण्डेय, रमन खनूजा शशांक शेखर शुक्ला गणेश सोलंकी सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी एव क्षेत्रवासी उपस्थित थे।



# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती पर युवाओं ने श्रमदान कर की साफ-सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

राष्ट्रीय सेवा योजना शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कुंडा और नेहरू युवा केंद्र कवर्धा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त तत्वाधान में शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रांगण कुंडा में गांधी जयंती का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की तैल चित्र पर पूजा अर्चना माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर श्रद्धा सुमन नमन वंदन किया गया। सर्व धर्म का प्रार्थना किया गया।

सभी स्वयंसेवकों के द्वारा 3 घंटे श्रमदान हाई स्कूल प्रांगण, महाविद्यालय प्रांगण, कुंडा न्यू बस स्टैंड परिसर, बाजार परिसर, सार्वजनिक स्थलों का स्वच्छता अभियान कर साफ सफाई किया गया। जन मानस को स्वच्छता का संदेश देते हुए स्वच्छता के लिए प्रेरित किया। नेहरू युवा केंद्र कवर्धा के द्वारा सभी स्वयंसेवकों को एक-एक डायरी और पेन, टोपी बैच माय भारत का वितरण किया गया इस अवसर पर गुरदीप सिंह मक्कड़ प्राचार्य , रामचंद्र साहू एनएसएस प्रभारी, परषोत्तम निर्मलकर पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक , अध्यक्ष जन भागीदारी समिति नवीन शासकीय महाविद्यालय कुंडा, जय साहू, जयराम साहू, कल्याणी निषाद दलनायक, आकांक्षा, दुर्गेश्वरी, अजय कुमार नीलिमा साहू, कसमा, वसुंधरा, नागेश्वर कश्यप, आकाश निर्मलकर, नागेश्वर पात्रे, सूर्य रजक, अधिक संख्या में सभी स्वयंसेवक शामिल थे।




# राशन दुकानदारों ने मांगो को लेकर सरकार के खिलाफ़ खोला मोर्चा



**हरिभूमि न्यूज कवर्धा।** 3 अक्टूबर गुरूवार को राशन दुकानदार एवं विक्रेता कल्याण संघ के कवर्धा, पंडरिया, स.लोहारा, बोड़ला ब्लॉक इकाई के पदाधिकारियों ने अनुविभागीय अधिकारी कवर्धा को ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने 3 अक्टूबर से सरकार द्वारा शासकीय राशन दुकानदार एवं विक्रेता कल्याण संघ के मांग नहीं मानने के कारण अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने संबंधी सूचना दी। वही ब्लॉक पदाधिकारीयों ने शासन-प्रशासन के द्वारा मांगे पूरी नहीं होने पर ई- पॉज मशीन को वापस जमा कराने एसडीएम ऑफिस के सामने धरने पर बैठ गए। शासकीय राशन दुकानदार एवं विक्रेता कल्याण संघ कबीरधाम के जिला मीडिया प्रभारी एवं कवर्धा ब्लॉक के संरक्षक कृष्णा कुमार नामदेव ने बताया कि 30 सितम्बर को पीडीएस संघ के पदाधिकारियों ने छः सुत्रीय मांग पत्र मुख्यमंत्री, खाद्य मंत्री और संचालक सचिव खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग को प्रत्यक्ष रूप से मुलाकात कर अपनी समस्याओं और मांगो से अवगत कराया था, जिस पर उन्होंने खाली विचार करने की बात कही थी। इसके पश्चात सरकार के इस रवैया से असंतुष्ट सभी दुकानदारों ने अपनी मांगों को लेकर नया रायपुर तूता में एक दिवसीय प्रदेश स्तरीय हड़ताल भी किया एवं समस्याओं और मांगो संबंधित ज्ञापन शासन- प्रशासन के नाम सौंपा। इसके बाद भी पीडीएस संघ के मांगों पर संतोषजनक कार्यवाही नहीं होने के कारण साथ ही राशन दुकान संचालकों की आर्थिक स्थिति बहुत खराब होने के कारण कमिशन वृद्धि रोजी- रोटी लायक घोषित करने तक सभी मजबुरी में धरना में जानें विवश होकर 3 अक्टूबर से ब्लाक मुख्यालय में राशन वितरण मशीन को लेकर अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे गए। नामदेव ने बताया कि अगर विक्रेता संघ की मांग जल्द पूरी नहीं होती तो बहुत जल्द ही सभी राशन दुकानदार सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन करेगें। एवं पूरे प्रदेश भर में महाआंदोलन करने की तैयारी में है। उक्त अवसर ब्लॉक संगठनों के साथ प्रदेश महासचिव एवं ब्लॉक अध्यक्ष विजय धृतलहरे, जिला अध्यक्ष लक्ष्मी साहू, जिला उपाध्यक्ष नंदकुमारी साहू, जिला मीडिया प्रभारी एवं कवर्धा ब्लॉक संरक्षक कृष्णा कुमार नामदेव सहित सभी ब्लॉक अध्यक्षों रामगणेश निषाद, शाहिद खान, नेतराम यादव के साथ सभी जिला एवं ब्लॉक पदाधिकारीयों ने उपस्थिति होकर ज्ञापन सौंपा। जानकारी के अनुसार प्रदेश भर में करीब चार लाख राशन कार्डधारी है जो उनके हड़ताल से राशन नहीं मिलने के कारण परेशान हो चुके हैं, एवं विक्रेताओं के हड़ताल से लौटने का इंतजार कर रहे हैं, ताकि उनको पीडीएस कोटा का राशन मिल सके, परंतु राशन दुकानदार एवं शासन-प्रशासन के बीच तालमेल नहीं बैठ पाने के कारण यह एक बड़ी समस्या बन चुकी है।

# श्रीमद् देवी भागवत का आयोजन 12 अक्टूबर तक



हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम धनेली में 03 अक्टूबर गुरूवार से ग्राम धनेली में मां महामाया बोल बम समिति एवं समस्त ग्रामवासी द्वारा नवरात्रि के पावन पर्व पर श्रीमद देवीभागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है, गांव के सुख शांति समृद्धि के लिए नवरात्रि की पावन पर्व पर यह श्रीमद् देवी भागवत का आयोजन किया जा रहा है जिनका शुभारंभ भव्य कलस यात्रा के साथ हुआ जिसमें गांव की महिलाओं ने भाग लिया एवं गांव में उत्सव देखा जा रहा है आप सब को अवगत हो की इस कार्यक्रम के कथा वाचक भगवताचार्य पं धनंजय दुबे द्वारा कथा श्रवण कराया जायेगा जो की दिनांक 03 अक्टूबर 2024 से 12 अक्टूबर 2024 तक दोपहर 12 बजे तक देवी की रकक्षा किया जयोगा।

जिसमें आसपास के ग्राम के लोगो को निमंत्रण प्रचार प्रसार किया जा रहा एवं समिति के सदस्यों द्वारा अपील किया की इस कथा को श्रवण करने आप सभी श्रद्धालु अवश्य पधारें व कथा का श्रवण पान कर अपने जीवन को धन्य बनाए।

हरिभूमि
## पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

### गौध्वज स्थापना कार्यक्रम में जुटेंगे छत्तीसगढ़वासी

# 7 अक्टूबर को शंकराचार्य का रायपुर आगमन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



गौध्वज स्थापना भारत परिक्रमा पर निकले उत्तरामनाय ज्योतिष्पीठ के शंकराचार्य स्वामि श्री: अविमुक्तेश्वरानंदः सरस्वती जी महाराज 07 अक्टूबर 2024 को छत्तीसगढ़ पहुंचेंगे। उनका आगमन सड़क मार्ग से होगा और वे शंकराचार्य आश्रम बोरिया कला में अल्प विश्राम करेंगे। वही विशाल धर्मसभा को करेंगे संबोधित करते हुए कहा कि शंकराचार्य के मीडिया प्रभारी अशोक साहू ने बताया कि शंकराचार्य महाराज रायपुर स्थित श्री शंकराचार्य चौक कमलविहार में गौध्वज स्थापना कार्यक्रम में भाग लेंगे और ध्वजोत्तोलन करेंगे। इस अवसर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम रायपुर में आयोजित धर्म सभा और पत्रकार वार्ता को संबोधित करेंगे, जिसमें हजारों सनातनी व गौ भक्त जुड़ेगे। गौध्वज स्थापना कार्यक्रम का उद्देश्य गौ रक्षा और संरक्षण के लिए जागरूकता फैलाना है। शंकराचार्य महाराज की उपस्थिति में इस कार्यक्रम का महत्व और भी बढ़ जाता है। गोपालमणि महराज की प्रेरणा से शुरू हुए गौ प्रतिष्ठा आंदोलन को देश भर में गति मिली है। वही कार्यक्रम जानकारी के अनुसार शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज 07 अक्टूबर को रायपुर में कई कार्यक्रमों में भाग लेंगे, जिसमें सुबह 11 बजे श्री शंकराचार्य चौक में गौध्वज स्थापना होगी, इसके बाद दोपहर 12 बजे कमल विहार गेट के सामने गोध्वज पूजन किया जाएगा।

वही दोपहर 1 बजे पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में विशाल जनसभा और पत्रकार वार्ता आयोजित की गई है। इस अवसर पर गौ रक्षा और संरक्षण के लिए जागरूकता फैलाने का आह्वान किया जाएगा। साथ ही में शंकराचार्य महाराज के दर्शन और आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटेंगे।

### आयोजन को सफल बनाने में जुटे छत्तीसगढ़वासी

आयोजन को सफल बनाने विशेष रूप से ज्योतिर्मठ के सीईओ चन्द्रप्रकाश उपाध्याय, ज्योतिर्मठ सीएफ़ओ मदन मोहन उपाध्याय, ब्रह्मचारी डॉ इन्दुभवानंद प्रभारी शंकराचार्य आश्रम,ओमप्रकाश शर्मा प्रदेश संयोजक, प्रदीप साहू रायपुर, जनक लाल बिसेन, संतोष भाटापारा, दीपक साहू, गेंदलाल चंद्राकर, युगल साहू, गिरीश प्रमाणिक, खेम साहू, नवीन अग्रवाल , राजा खड़गसिंह, राजा पांडेय, धीरेंद्र त्रिपाठी सहित सैकड़ों लोग आयोजन को सफल बनाने में जुटे हुए है।

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

**विवाद:** कामठी में तनाव की स्थिति, बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात

# मंदिर परिसर में दुर्गा प्रतिमा स्थापित करने को लेकर दो पक्ष आमने-सामने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कबीरधाम जिले में न तो आपराधिक गतिविधियां थमने का नाम ले रही हैं और न ही सामूहिक विवाद कम होते दिख रहे हैं। इसी कड़ी में अब जिले के कुकदुर थाना क्षेत्र के ग्राम कामठी में नवरात्रि पर हिंदुओं को देवी पूजा करने और स्थानीय मंदिर परिसर में दुर्गा प्रतिमा स्थापित करने से रोके जाने मामला सामने आया है। जिसे लेकर गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है। हालांकि की घटना की सूचना के बाद बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर तैनात कर दिया गया है और प्रशासनिक अधिकारी दोनो पक्षों को समझाने बुझाने में लगे हुए हैं। स्थानीय ग्रामीणों को आरोप है कि मंदिर परिसर में समुदाय विशेष के लोगों ने ताला लगा दिया है और उनके द्वारा मंदिर के ज्योति कक्ष में भी पिछले 3 सालों से कब्जा कर रखा गया है जिससे ज्योति नहीं जलाई जा सकती। इस गंभीर मामले को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने कलेक्टर से शिकायत की है कि कुछ समुदाय विशेष के लोगों द्वारा मंदिर में पूजा को प्रभावित किया जा रहा है और परम्परागत पूजारियों को अपमानित किया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि मंदिर में बलपूर्वक धार्मिक झण्डा हटाकर अपने समुदाय का ध्वज लगाया गया है, जो पहले नहीं थी। इस मामले में ग्रामीणों ने कलेक्टर से हस्तक्षेप करने और मंदिर में पूजा की परम्परा को बहाल करने की मांग की है। दरअसल बताया जाता है कि स्थानीय ग्रामीण नवरात्र पक्ष में गांव के मंदिर परिसर में दुर्गा प्रतिमा की स्थापना करना चाह रहे थे लेकिन समुदाय विशेष ने इसे रोकने के लिए मंदिर में ताला जड़ दिया जिससे मामला गर्मा गया है। अब प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है और जल्द ही कार्यवाही की उम्मीद है। वहीं नवरात्र पर्व के पहले दिन सुबह से ही बड़ी संख्या में ग्रामीण गांव के इस देवी मंदिर में पहुंचे थे लेकिन मंदिर में ताला लगा था जिससे ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखने को मिली।



### गांव में भारी पुलिस बल किया गया तैनात

मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए सूचना पाते ही कुकदुर थाना क्षेत्र के ग्राम कामठी में बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके के लिए रवाना कर दिया गया है। जहां पुलिस प्रशासन के अधिकारियों द्वारा दोनो पक्षों से बातचीत की जा रही है तथा शांति बहाली के प्रयास किए जा रहे हैं। हालांकि स्थानीय ग्रामीण मंदिर से कब्जा हटाने और नवरात्र पर्व मंदिर को खोलने की मांग कर रहे हैं ताकि लोग यहां पूजा अर्चना कर सकें। वहीं दूसरा पक्ष इसके के लिए सहमत नहीं है।



### शासन-प्रशासन को दिखानी होगी सूझबूझ व तत्परता

माना जा रहा है कि यह गांव का संवेदनशील और दो समुदाय की बीच धार्मिक भावनाओं से जुड़ा मामला है। ऐसे में इससे पहले की ग्रामीण मामले का फैसला अपने ढंग से करें शासन-प्रशासन को इसे बेहद गंभीरता से लेते हुए तत्परता दिखानी होगी और दोनों समुदाय के लोगों की बैठक लेकर उनके बीच आपसी सामन्जस बैठाने तथा समस्या का हल निकालने का प्रयास करना चाहिए। प्रबुद्ध जनो का यह भी मानना है कि ऐसे में मामलों में किसी भी प्रकार की लेटलतीफी तथा अनदेखी के विपरीत परिणाम सामने आ सकते हैं, जैसा की पहले भी जिले के कई गांवों में देखने को मिल चुका है। हालांकि प्रशासन ने शांति बहाली की दिशा में प्रशासन ने प्रयास शुरू कर दिए है। उम्मीद की जा रही है कि इसके बेहतर परिणाम सामने आएंगे।

# टीचर्स एसोसिएशन ने बोर्ड के तुगलकी फरमान पर जताया कड़ी आपत्ति



- कुछ किए बिना ही स्कूलों से तीन करोड़ वसूलने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल को दसवीं व बारहवीं बोर्ड परीक्षा आयोजित करने वाले संस्था के रूप में सभी जानते हैं, लेकिन वर्तमान में यह संस्था अपने एक तुगलकी फरमान को लेकर खासा चर्चा में है।

दरअसल बोर्ड ने विगत एक अक्टूबर को एक पत्र जारी किया है, जिसमें निर्धारित तिथि में ऑनलाइन एंट्री नहीं कर पाने वाले संस्था से पच्चीस हजार जमा करने का निर्देश दिया है। छग टीचर्स एसोसिएशन ने माध्यमिक शिक्षा मंडल के इस तुगलकी फरमान पर कड़ी आपत्ति करते हुए वापस लेने की मांग किया है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि कक्षा नवमीं का नामांकन एवं दसवीं व बारहवीं के वार्षिक परीक्षा का आवेदन पत्र ऑनलाइन एंट्री करने के लिए 31 अगस्त 2024 तक अंतिम तिथि निर्धारित किया गया था। प्रदेश के कई स्कूलों में एक-दो बच्चों का ऑनलाइन एंट्री छूट गया। इसके लिए बोर्ड ने डीईओ के माध्यम से 25 सितंबर तक उन स्कूलों की सूची मंगाया, जहां ऑनलाइन एंट्री के लिए बच्चे छूट गए हैं। सूची प्राप्त करते ही माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 3 से 6 अक्टूबर कुल चार दिन तक ऑनलाइन एंट्री के लिए पोर्टल खोलने का शुल्क प्रति स्कूल 25000 रुपए देने का फरमान जारी किया है। इस सूची में कबीरधाम जिले के 29 स्कूलों का नाम शामिल है। वहीं पूरे प्रदेश में 1247 स्कूलों का नाम है।

इस प्रकार अब प्रदेश के इन 1247 स्कूलों को प्रति स्कूल 25000 रुपए की दर से कुल तीन करोड़ 11 लाख 75 हजार रुपए विलंब शुल्क जमा करने के लिए कहा गया है। एक ओर प्रदेश सरकार स्कूली शिक्षा को निःशुल्क करने में लगा हुआ है, वहीं दूसरी ओर बोर्ड करोड़ों की वसूली करने में मशगूल है।

## खबर संक्षेप



### कोयलारी सरपंच को मिला न्यायालय से स्टे


**कवर्धा।** जिला प्रशासन द्वारा तथा कथित आर्थिक अनियमितताओं के आरोप में पद से बर्खास्त की गई ग्राम पंचायत कोयलारी की सरपंच को छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने बड़ी राहत देते हुए बर्खास्तगी पर स्टे दे दिया है। जिसके बाद ग्राम सरपंच श्रीमती उत्तरा बाई साहू ने गत दो अक्टूबर को पुनः ग्राम पंचायत कोयलारी के सरपंच का पदभार संभाल लिया है। पदभार ग्रहण करते हुए ग्राम सरपंच उत्तरा बाई साहू ने कहा कि सत्ता परिवर्तन के बाद उन पर बेवजह धारा 40 के तहत कार्यवाही कर उन्हें पद से बेदखल किया जा रहा है। लेकिन उनके विरूद्ध लगाए गए तमाम आरोप बेबुनियाद व निराधार थे। यही वजह है कि उन्होने न्यायालय की शरण ली और उन्हें न्यायालय से न्याय मिला है।

### 6 माह बाद भी मोटर सायकल चोर फरार

**कवर्धा।** थाना पाण्डातराई अंतर्गत ग्राम मोहगांव के प्रार्थी की परीक्षा के दौरान पीजी कॉलेज कवर्धा से गायब हुई मोटर सायकल क्रमांक सीजी 09 जेएन 8415 को पुलिस 6 माह के बाद भी नहीं खोज पाई है और चोरी के आरोपी अब भी फरार है। पीड़ित ग्रामीण ने इस संबंध में जिला पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग की है।

# श्रृद्धा भक्ति के साथ नवरात्रि पर्व प्रारंभ

## मंदिरों में ज्योति कलश, पण्डालों में प्रतिमाएं स्थापित



- नगर के देवी मंदिरों में सुबह से उमडी भक्तों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

शक्ति की भक्ति का पर्व नवरात्र गुरूवार को विधिवत पूजा, अर्चना, घट स्थापना, मनोकामना ज्योतिकलश प्रज्जवलन एवं मां जगत जननी की स्थापना के साथ प्रारंभ हो गया।

नवरात्र पर्व प्रारंभ होने के साथ ही नगर के देवी मंदिरों में आस्था और विश्वास के मनोकामना ज्योतिकलश जगमगाने लगे हैं। वहीं दुर्गोत्सव समीतियों द्वारा कड़ी मेहनत के बाद तैयार किए गए भव्य पण्डालों में दुर्गा प्रतिमाएं भी स्थापित की गई। गौरतलब है कि रविवार 3 अक्टूबर को क्वांर नवरात्र का पर्व पूरी श्रृद्धां भक्ति के साथ प्रारंभ हो गया है। नवरात्र पर्व के पहले दिन से ही मंदिर में श्रृद्धालुओं की भीड़ भी जुटने लगी है।

नवरात्र पर्व के पहले दिन श्रृद्धालु बड़ी संख्या में नगर के मां विध्यवासनी मंदिर, मां महामाया मंदिर, मां शीतला मंदिर, मां काली मंदिर, मां संतोषी मंदिर, मां दंतेश्वरी मंदिर, मां सतबहनिया मंदिर, मां दुर्गा मंदिर, मां चण्डी मंदिर, मां परमेश्वरी मंदिर, मां सिंहवाहनी मंदिर सहित दूसरे देवी-देवताओं के मंदिरों में पहुंचकर आशिर्वाद लिया। वहीं नवरात्र पर्व के पहले दिन नगर की छोटी बड़ी दुर्गोत्सव समितियों द्वारा आकर्षक पण्डालों में विधि विधान से पूजा अर्चना कर मां के विभिन्न रूपों की प्रतिमाएं स्थापित की गई। दुर्गोत्सव समितियों द्वारा सुबह से ही मूर्तिकारों के यहां से मूर्तियों को पण्डालों तक लाने का क्रम शुरू हो गया था। समिति के सदस्य अपनी सुविधा के हिसाब से हांथ ठेला, ट्रेक्टर, टेम्पो जैसे वाहनों में मां दुर्गा की प्रतिमा रखकर बैंड बाजे के साथ नाचते गाते प्रतिमाओं को पण्डालों तक ले जाते देखे गए।

जहां उन्होंने पंडितों से विधिवत पूजा अर्चना कराकर मंत्रोच्चार के बीच दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना कराई। यह सिलसिला देर रात चलते रहा। दूरदराज की दुर्गोत्सव समितियों ने सुविधा की दृष्टि से एक दिन पूर्व ही प्रतिमाओं ले जाना शुरू कर दिया था।

कुल मिलाकर गुरूवार से नवरात्र पर्व की रौनक नगर सहित आसपास के अंचल में दिखाई देने लगी है। उम्मीद की जा रही है हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नवरात्र पर्व पूरे अंचल में हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया जायेगा। पर्व को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने भी सुरक्षा की कमान सम्भाल ली है। जगह-जगह पुलिस जवानों की तैनाती शुरू कर दी गई है।

# प्रशासन कर रहा लोहारीडीह व बिरकोना मामले को दबाने का प्रयास: अमित जोगी

- जिला जेल पहुंचकर लोहाराडीह के ग्रामीणों से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जनता कांग्रेस जोगी के प्रदेश अध्यक्ष अमित अजित जोगी गुरूवार को अपने एक दिवसीय प्रवास पर कवर्धा पहुंचे जहां उन्होने लोहारीडीह मामले में जेल में बंद ग्रामीणों से जिला जेल पहुंचकर मुलाकात की और स्थानीय उच्च विश्राम गृह में पत्रकारों से रूबरू हुए। इस दौरान उन्होने कि कबीरधाम जिले के लोहारीडीह में हुई घटना से साहू समाज ही नहीं, ग्रामवासी ही नही, जिलेवासी ही नहीं, बल्कि पूरा प्रदेश शोकमग्न है। पहले शिव प्रसाद साहू की संदिग्ध मौत उसके बाद रघुनाथ साहू की हत्या तो दो पक्षों की लड़ाई का परिणाम था व एक द्वेष पूर्ण निर्णय था, परंतु युवा प्रशांत साहू की मौत शासन प्रशासन के कठोर निर्णय का परिणाम था। श्री जोगी ने कहा कि तात्कालिक पुलिस अधीक्षक की क्रूर नीति घमण्ड-अहंकार द्वेषपूर्ण रवैया ने गांव की सुख, शांति, महिला, पुरूषों और कई बच्चों का भविष्य बर्बाद कर दिया। अमित जोगी ने बताया कि पूरे प्रदेश में साहू समाज की नाराजगी भारतीय जनता पार्टी को सहना होगा। उन्होने कहा कि कबीरधाम जिले में ला एण्ड आर्डर का मजाक बन चुका है। घटना के प्रदेश के गृहमंत्री द्वारा बयान दिया जाता है कि लोहारीडीह घटना को अंजाम देने वालो पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि घटना के करीब 15 दिन बाद भी न तो अभी तक मृतक प्रशांत साहू की पीएम रिपोर्ट आई है और न ही उसका बिसरा जांच के लिए भेजा गया है। वहीं शिवप्रसाद साहू की संदिग्ध मौत की भी जांच से उसके परिजन संतुष्ट नहीं है जिसे पुलिस ने आत्महत्या करार दे दिया। श्री जोगी ने कहा कि कहना गलत नहीं होगी कि इस गंभीर मामले में शासन-प्रशासन ढुलमुल रवैया अपना रहा है और किसी को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। ठीक वैसे ही जैसे की बिरकोना में कोमल साहू की संदिग्ध मौत को दबा दिया गया। इन मामलों के अलावा जोगी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने जिले में घटित कई आपराधिक घटनाओं व हत्याओं का भी जिक्र किया। इस अवसर उनके साथ जोगी कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुनील केशरवानी सहित अन्य कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।



### खपरी में मनाई गई गांधी जयंती

**कवर्धा।** ग्राम खपरी के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 03 में बुधवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर छोटे बच्चों को गांधी जी के जीवन पर आधारित कहानी गताई गई। सर्वप्रथम गांधी जी के तैलीय चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण व श्रद्धांजलि अर्पित की गई। तत्पश्चात बच्चों ने देशभक्ति गीत सुनाए। कार्यक्रम में दामिनी स्वयं सहायता समूह व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत पौधरोपण कर आंगनबाड़ी परिसर की साफ सफाई कर स्वच्छता अभियान चलाया गया तथा रैली के माध्यम से बिना टोटी के नल में नल लगाओ पानी बचाओ घर-घर जाकर लोगों को संदेश दिया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सरिता चन्द्रवंशी ने बताया कि स्वच्छता अभियान एक दिन की मुहिम नही है या फोटो खिंचवाकर सोसल मीडिया में डालने से कुछ नही होगा इसे निरंतर अपने व्यवहार में लाने की जरूरत है। अपने आसपास की साफ सफाई रोजाना की गतिविधियों में शामिल होना चाहिए। इस कार्यक्रम के अवसर पर पंच ललिता चंद्रवंशी, सुशीला चंद्रवंशी, उर्मिला, मुस्कान, अनुष्का चंद्रवंशी, प्राची सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं उपस्थित थी।



# मानिकचौरी में संकुल स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता आयोजित

- खेल-कूद हमारे देश की संस्कृति: वीरेन्द्र साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जनपद पंचायत कवर्धा अंतर्गत ग्राम मानिकचौरी में संचालित सरस्वती शिशु मंदिर में गत दिनो संकुल स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि जनपद पंचायत कवर्धा के उपाध्यक्ष वीरेन्द्र साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संत छबीलाल साहू ने की वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में अजय चंद्रवंशी, जगन्नाथ साहू, राजेंद्र वैष्णव सहित आठ विद्यालयों से आचार्य, शिक्षिकाएं तथा बड़ी संख्या में खेल प्रेमी तथा खिलाड़ी उपस्थित थे। इस अवसर उपस्थित जनो को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि की आसंदी से वीरेन्द्र साहू ने कहा कि आज हम सभी सरस्वती शिशु मंदिर के इस पवित्र प्रांगण में एक महत्वपूर्ण अवसर संकुल स्तरीय क्रीड़ा उत्सव के आयोजन में उपस्थित हुए हैं। उन्होने कहा कि यह उत्सव न केवल खेल-कूद की प्रतियोगिताओं का एक मंच है, बल्कि यह हमारे मानसिक और शारीरिक विकास का भी एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। श्री साहू ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर में, हम न केवल शैक्षणिक शिक्षा प्राप्त करते हैं, बल्कि यहां का वातावरण हमें संपूर्ण विकास की ओर प्रेरित करता है। क्रीड़ा उत्सव का आयोजन इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसमें हम अपने भीतर छिपी प्रतिभाओं को निखार सकते हैं। यह प्रतियोगिता हमें सिखाती है कि जीत या हार से अधिक महत्वपूर्ण है हमारा प्रयास। हार के बाद हम निराश नहीं होते, बल्कि उससे सीख लेते हैं। खेलों में भाग लेना आत्मविश्वास बढ़ाता है, और यही आत्मविश्वास जीवन की कठिनाइयों से लड़ने में हमारी मदद करता है।

**शहर विकास को लेकर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा व समस्त व्यापारी संगठन ने की आवश्यक बैठक**

# शहर के विकास में हम सबकी हो बराबर भागीदारी: उप मुख्यमंत्री शर्मा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

स्थानीय सर्किट हाऊस में समस्त व्यापारी संगठन के व्यापारी गणों ने कवर्धा विधायक एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा से सौजन्य भेंट की। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रेरणा से नगर विकास को लेकर सुझावत्मक विचार हेतु, नगर पालिका द्वारा आयोजित बैठक में नगर के सभी व्यवसाय से जुड़े व्यापारी गण एवं नागरिक गण उपस्थित रहे । इस अवसर पर शहर के मध्य स्थलो पर कवर्धा विकास की नई नींव कैसे रखी जाए इस परिकल्पना के साथ पुराना मंडी प्रांगण, पुराना नगर पालिका परिसर गुरुनानक गेट, नवीन बाजार, पुराना सरकारी अस्पताल, नगर पालिका के सामने वीर सावरकर भवन से जुड़े स्थानों पर, संभावित कार्य योजना से नगर पालिका के अधिकारियों ने व्यापारी जनों को अवगत कराया। प्रोजेक्टर के माध्यम से कार्य योजना का ड्राइंग डिजाइन दिखाया गया। व्यपारियों के सुविधा व नगर विकास में इन निर्माणों का महत्वपूर्ण योगदान हो इस पर नगर के व्यापारियों ने सुरक्षा, पार्किंग और शौचालय से जुड़े अनेक सुझाव दिए जिसे नगर पालिका द्वारा कार्ययोजना में शामिल करने का आश्वासन दिया गया है। इस बैठक में प्रमुख रूप से उपस्थित विजय शर्मा ने कहा कवर्धा हम सब का है इसलिए कवर्धा का समुचित विकास भी हम सब की जिम्मेदारी है। और इसलिए कवर्धा को लेकर जैसा आप सोचते है वैसा ही मैं भी सोचता हूँ और इसलिए हम सबकी बराबर भागीदारी हो इस भाव से आज हम सब यहां बैठे है। उन्होंने कहा विगत कुछ वर्षों में चिन्हाकित कुछ स्थान रह गए है जिसे लेकर एक व्यापक कार्ययोजना की जरूरत है उस दिशा में हम सब आगे बढ़ रहे है निश्चित रूप से इसका अच्छा परिणाम मिलेगा। उन्होंने कहा हम सब जब किसी कार्य के लिए विचार से अन्य किसी माध्यम से उस कार्य के लिए सहयोगी होते है तो उसमें आत्मीयता भाव आता है तब हम उसके निर्माण की गुणवत्ता और सुंदरता व आवश्यकता के प्रति जागरूक होते है। उन्होंने कहा हम सब मिलकर कवर्धा को आगे ले जाने में कोई कसर नही छोड़ेंगे। चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष आकाश आहूजा ने इस आयोजन के लिए प्रशन्नता जाहिर करते हुए कहा यह पहला अवसर है जब व्यपारियों से जुड़े विकास कार्यो पर व्यपारियो से सुझाव लिए जा रहे है निश्चित रूप से शहर विकास में सबकी भागीदारी से सदभाव का वातावरण भी बनेगा और उप मुख्यमंत्री विजय भैया के नेतृत्व में शहर का विकास भी होगा। उन्होंने कहा पुराने मार्केट जो कवर्धा का मुख्य व्यापार केंद्र है उनके सुविधाओं पर भी विचार होना चाहिए। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक, शहर अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, सीएमओ नगर पालिका, राजेन्द्र सलूजा, सुनील दोषी, पवन जायसवाल, उमंग पाण्डेय, गौतम लुनिया, अतुल देशलहरा, आकाश आहूजा, राकेश दोषी, रवि पात्रों, दिनेश श्री श्री माल, निर्मोलक सिंह मुटरेजा, संजय गुप्ता, सोनू चांवला सहित बड़ी संख्या में व्यापारी गण उपस्थित थे।